संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -210 शुक्रवार ,02 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# राहुल गांधी के अमेरिका में बयान पर भारत में सियासी बवाल

### » विदेशी जमीं,देशी राजनीति और फिर बरपा हंगामा.

**नई दिल्ली,01 जून,2023(ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी छह दिन के अमेरिकी दौरे पर हैं, जहां वह अलग-अलग समारोहों को लेकर संबोधित करेंगे। वहीं उनके कुछबयानों को लेकर सियासी बवाल मच गया है। सैन फ्रांसिस्को में उन्होंने भारतीयों से मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें सब के बारे में सब कुछ पता है। मोदी जी भगवान को भी ब्रह्मांड के बारे में समझा सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि नया संसद भवन का उद्घाटन असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, शिक्षा संस्थानों में कमी जैसे मुद्दों पर बीजेपी चर्चा नहीं चाहती है. इसलिए इन सब मुद्दों को आगे किया जा रहा है।उन्होंने एजेंसियों के दुरुपयोग केबीच भारत में अब राजनीति करना आसान नहीं रह गया।ऐसे में हमने भारत जोड़ो यात्रा करने का फैसला किया। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमेरिका में दिए गए राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हर विदेश यात्रा में भारत का अपमान करना राहुल गांधी की आदत बन चुकी है और यह प्रायोजित यात्रा भी उसी ओर बढ़ रही है।

उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करना चाहते हैं परंतु देश का अपमान करने से भी पीछे नहीं हटते। राहुल पर हमला जारी रखते हुए ठाकुर ने कहा कि इनके समय में (यूपीए सरकार के दौरान) भारत दुनिया की लडखड़ाती चरमराती अर्थव्यवस्थाओं में आता था, लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। इनके समय में हिंदुस्तान की परंपराओं का गला घोंटा जाता था और यह हर बात के लिए पश्चिमी संस्कृति की ओर देखते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता और गौरवपूर्ण इतिहास के पुनर्जागरण का कार्य किया है। कांग्रेस की मानसिकता गुलामी की मानसिकता है और ये हमेशा से भारत और भारतीयता को बदनाम करते आए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के पहले के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर आप उनके पूर्व के बयानों को देखेंगे तो राहुल गांधी भारत को देश ही नहीं मानते बल्कि राज्यों का संघ मानते हैं। वे लगातार भारत के बढ़ते कदमों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हैं। राहुल गांधी बताएं कि इस प्रायोजित कार्यक्रम के द्वारा वह क्या करना चाहते हैं क्या विदेश जाकर देश के ऊपर कीचड़ उछालना ही उनका एकमात्र काम बच गया हैउन्होंने कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हाल की विदेश यात्रा में 2 दर्जन से अधिक राष्ट्र अध्यक्षों से मिलकर 50 से ज्यादा मीटिंग करते हैं। दुनिया भारत के बढ़ते कदमों की चर्चा करती है और भारत को आशा की किरण के रूप में देखती है। दुनिया के नेता कहते हैं कि मोदी पूरे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। एक नहीं कई सर्वे में यह सिद्ध हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बोलते हैं कि मोदी इज द बॉस। इटली की प्रधानमंत्री मोदी को सबसे लोकप्रिय नेता बताती हैं। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री मोदी का पैर छूकर अभिवादन करते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस इसे हजम नहीं कर पा रहे हैं कि जो 75 वर्षों में नहीं हो पाया वह पीएम मोदी ने 9 वर्षों में कैसे कर दिया।

## अनुराग ठाकुर बोले-विदेश यात्रा में भारत का अपमान करना इनकी आदत



### राहुल गांधी के 22 विदेश दौरे,जिनसे गरमाई सियासत

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया की फैमस स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैंपस में लेक्चर दिया। इस दौरान भी उन्होंने पिछली बार की तरह ही सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने अपनी लोकसभा सदस्यता जाने पर सरकार को घेरा। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि भारत में विपक्ष संघर्ष कर रहा है। संस्थानों पर बीजेपी का कब्जा है। हम इससे लोकतांत्रिक तरीके से लड़ रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने विदेशों में सरकार के खिलाफ अपनी बात रखी हो। राहुल ने 6 मार्च को भी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में सरकार के खिलाफ बात रखी थी वहीं, अब 86 दिन बाद राहुल ने फिर विदेश में जा कर पीएम मोदी और उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

इससे एक बार फिर उनका विदेश दौरा विवादों में आ गया है। बीजेपी देश की सत्ता में 9 साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी है, वहीं बीते 9 सालों में राहुल गांधी ने 22 विदेश यात्राएं की हैं, जो किसी न किसी वजह से विवादों में रही हैं। जानिए राहुल की वह कौन-कौन सी विदेश यात्राएं हैं, जिस वजह से वह विवादों में घिरे रहे थे।

# मणिपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए होगा न्यायिक आयोग का गठन

### » शांति समिति गठित, सीबीआई जांच, बागियों को चेतावनी,9 बड़े ऐलान

**मणिपुर,01 जून,2023(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को घोषणा करते हुए मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। केन्द्री गृह मंत्री शाह लगातार तीन दिनों से प्रदेश के विभिन्न हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया उसके बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में शांति समिति के गठन और हिंसा में जान गंवाने वालों को मुआवजा देने की भी घोषणा की।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा जल्दबाजी में लिए गए फैसले के कारण दोनों समूहों के बीच हिंसा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि विद्रोही समूह किसी भी तरह से संचालन निलंबन (एसओओ) समझौते का उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मणिपुर के लिए केंद्र सरकार ने की 9 बड़ी घोषणाएं

हिंसा के दौरान दर्ज किए गए सभी अपराधों में से कुल 6 मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाएगी।



हिंसा के कारण क्या हैं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इन सभी की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जाएगा।

मणिपुर में सुरक्षा पर काम कर रही विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस के सेवानिवृत्त महानिदेशक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक इंटर-एजेंसी यूनिफाइड कमांड का गठन किया जाएगा।

भारत-म्यांमार सीमा का सर्वेक्षण किया जाएगा। भारत-म्यांमार सीमा मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए फेंसिंग का काम पूरा किया जाएगा।

मणिपुर भारत के अन्य हिस्सों से रेल मार्ग से जुड़ा होगा। मणिपुर में बन रहे प्लेटफॉर्म का निर्माण एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

मणिपुर में सक्रिय सशस्त्र बलों को चेतावनी दी गई है कि शांति समझौते का उल्लंघन होने पर भारत सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अवैध हथियार जमा करने का भी आग्रह किया गया।

राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की एक विशेष टीम तैनात की गई है।

भारत सरकार मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का भी गठन करेगी और इसमें समाज के सभी वर्गों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि हिंसा में मरने वालों के परिवारों को भारत सरकार द्वारा प्रत्येक को 5 लाख रुपये और राज्य सरकारों द्वारा प्रत्येक को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे।चर्चा ही मणिपुर में जारी संकट का समाधान है। पड़ोसी देशों से आने वाले लोगों के श्बायोमेट्रिक्सश् जुटाए जा रहे हैं।मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है।

# एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली,01 जून,2023(ए)।** महंगाई से सभी लोग परेशान है। वहीं जून की शुरूआत में ही राहत की खबर है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती हो गई है। एक जून से सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 83.50 रुपये घटा दी है। यह कटौती 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर पर की गई है। इस कदम से कारोबारियों को राहत मिलेगी। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई है। इसी तरह सरकारी तेल कंपनियों ने जेट फ्यूल भी सस्ता कर दिया है। जिसका फायदा एयरलाइन कंपनियों को मिलेगा।



इस कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का दाम घटकर 1773 रुपये हो गया है। जबकि मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर के दाम 1725 रुपये में मिलेगा। वहीं कोलकाता में एलपीजी सिलेंडर क दाम 1875.50 रुपये पर आ गए हैं। इसी तरह चेन्नई में यह सिलेंडर 1937 रुपये में मिलेगा। इसके पहले मई में कमर्शियल एलपीजी के दाम 172 रुपये घटे थे।

# चीन के खिलाफ भारतीय वायु सेना ने हिंद महासागर में दिखाई राफेल की ताकत

**नई दिल्ली,01 जून,2023(ए)।** चीन की नापाक हरकतों के कारण गलवान घाटी मे भारत और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद भारत ने चीन पर कई तरह के व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं जिसका खामियाजा चीन को भारी आर्थिक नुकसान के रूप में झेलना पड़ रहा है। इसी के परिणामस्वरूप चीन ने भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रच रहा है । चीन की चुनौतियों का भारत अब मुहतोड़ जवाब देगा। हिंद महासागर में चीन के बढ़ते मंसूबों का जवाब देने के लिए भारतीय वायुसेना ने अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है।



भारतीय वायुसेना के चार राफेल लड़ाकू विमानों ने छह घंटों तक हिंद महासागर के ऊपर एक ''रणनीतिक÷ अभियान पूरा किया और इस दौरान विमानों ने लंबी दूरी वाली लड़ाकू क्षमताओं को प्रदर्शित किया। अभियान की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने यह जानकरी दी। उन्होंने बताया कि लड़ाकू विमानों ने पूर्वी सेक्टर में हासीमारा वायु सेना अड्डे से उड़ान भरी और विभिन्न युद्धाभ्यास तथा कई अभियान पूरे किए और इच्छित परिणाम पाने के उपरान्त अड्डे पर लौट आए।

भारतीय वायु सेना ने ऐसे वक्त में इस अभियान को अंजाम दिया है जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है, जिसे भारतीय नौसना का 'बैकयार्ड' कहा जाता है। अभियान की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि चार राफेल विमानों के इस मिशन ने अपनी अभियानगत क्षमताओं तथा चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने में अपनी तैयारियों को प्रदर्शित किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह अभियान कब हुआ, पर कहा ही हाल ही में इसे अंजाम दिया गया।

भारतीय वायु सेना ने भी इस अभियान के संबंध में ट्वीट किया। वायु सेना ने ट्वीट किया कि भारतीय वायु सेना के चार राफेल लंबी दूरी के मिशन पर छह घंटे के लिए आईओआर में गए। विमान अपने 'वेपन रिलीज प्वाइंट'के रास्ते में भारी बलों की मौजूदगी से निपटते हुए आगे बढ़े। हथियार निशाने पर लगा- जैसा भारतीय वायु सेना करती है।÷ वायु सेना ने भी अभियान की तारीख के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

# पी उपाध्याय आईनास ने नौसेना आयुध महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया

**नई दिल्ली,01 जून,2023(ए)।** पी उपाध्याय, आईएनएएस ने आईएचक्यू एमओडी (नौसेना) में नौसेना आर्मामेंट (डीजीओएनए) के महानिदेशक के रूप में श्री केएससी लायर से पदभार संभाला है, जो 31 मई 23 को सेवानिवृत्त हुए थे। पी उपाध्याय, भारतीय नौसेना आयुध सेवा के 1987 बैच से संबंधित हैं। वह 12 जुलाई 1989 को भारतीय नौसेना के नौसेना आयुध संगठन में शामिल हुए। एसजीएसआईटीएस इंदौर से एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्नातक, उन्होंने 1988 में डिजिटल तकनीक और इंस्ट्रुमेंटेशन में विशेषज्ञता के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 1995 में गाइडेड मिसाइल में विशेषज्ञता के साथ पुणे विश्वविद्यालय। 34 वर्षों की अवधि में, उन्होंने एनएडी (विशाखापत्तनम), एनएडी (करंजा), एनएडी (ट्रॉम्बे), एनएडी (अलवाय) और आईएचक्यू में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। एमओडी (एन)। वह ह्रष्टष्ट-53 के नेवल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।अधिकारी गोला-बारूद के निपटान पर विशाल ज्ञान रखने के अलावा मिसाइल और टारपीडो रखरखाव में माहिर हैं।





# एलएसी पर चीन ने बनाए एयरफील्ड

### » हेलीपैड, मिसाइल बेस; सैटेलाइट इमेज से सामने आई ड्रैगन की चालाकी

**नई दिल्ली,01 जून,2023(ए)।** । मई 2020 में जब से भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई है, तब से चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब अपनी भौगोलिक सीमा में हवाई क्षेत्रों का लगातार विस्तार कर रहा है। सैटेलाइट इमेजरी से इसका खुलासा हुआ है। इमेजरी के विश्लेषण के अनुसार, चीन ने एलएसी पर अपनी सेना के लिए व्यापक सुविधाओं का विस्तार किया है और कुछ क्षेत्रों में भारत से मुकाबला करने की तुलनात्मक क्षमता विकसित कर ली है।सैटेलाइट इमेजरी से स्पष्ट होता है कि चीन ने एलएसी के करीब सैनिकों की तीव्र तैनाती के मकसद और युद्ध की स्थिति में लीड लेने के मकसद से वास्तविक नियंत्रण रेखा के नजदीक हवाई क्षेत्रों, हेलीपैड, रेलवे सुविधाओं, मिसाइल बेस, सड़कों और पुलों का बड़े पैमाने पर निर्माण और विस्तार किया है। यह चीन की आक्रामक क्षमताओं के विस्तार की एक श्रृंखला सी है।प्लैनेट लैब्स द्वारा विशेष रूप से उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजरी के विश्लेषण से पता चलता है कि लद्दाख के करीब होटान, हिमाचल प्रदेश के करीब न्गारी गुनसा और तिब्बत के ल्हासा में चीन ने नए एयरफील्ड के तहत या तो नए रनवे का निर्माण करके सैनिक सुविधाओं का विस्तार किया है, या फिर लड़ाकू विमानों की सुरक्षा के लिए बनाए गए मजबूत आश्रयों और नए सैन्य संचालन भवनों का निर्माण किया है। भारतीय अधिकारियों ने इस विश्लेषण पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है।



# इंडियन एयर फोर्स का ट्रेनी विमान क्रैश

### » पैराशूट ने बचाई दोनों पायलटों की जान

**बेंगलुरू,01जून,2023(ए)।** भारतीय वायुसेना का प्रशिक्षण विमान कर्नाटक के चामराजनगर में क्रैश हो गया। राहत कि बात ये है कि विमान में सवार महिला पायलट और को-पायलट सुरक्षित हैं। हादसे के बाद अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं।। भारतीय वायुसेना ने भी अपने सोशल मीडिया पर इस हादसे से जुड़ी खबर साझा की है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं।

इससे पहले मध्य प्रदेश के भिंड में इंडियन एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की लैंडिंग कराई गई थी। अपाचे हेलीकॉप्टर में मामूली तकनीकी खराबी आ गई थी। जिसके बाद अपाच की प्रिकॉशनरी लैंडिंग कराई गई थी। विमान हादसे के बाद भारतीय वायुसेना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जानकारी साझा की गई है। ट्वीट में लिखा है, भारतीय वायुसेना का एक किरण प्रशिक्षण विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान कर्नाटक के चामराजनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सीबीआई ने कारोबारी से रिश्वत मांगने पर

# मुंबई हवाई अड्डे के कर्मचारी के खिलाफ मामला किया दर्ज

**नई दिल्ली,01 जून,2023 (ए)।** सीबीआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर काम करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है, जिसने एक व्यवसायी से उसके आयातित सामान की निकासी के लिए सीमा शुल्क अधिकारी की ओर से रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 30 मई को यूनिक मशीनरी के मालिक निकेश लोखंडे की ओर से इस संबंध में शिकायत मिली थी।




लोखंडे ने आरोप लगाया कि फ्रेट फारवर्डर राजेश राणे ने सीमा शुल्क अधिकारी सह परीक्षक जायसवाल की ओर से मुंबई के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स से हाई फ्रीचेंसी इलेक्ट्रिक स्पार्क मशीनों की अपनी खेप की निकासी की सुविधा के लिए उनसे रिश्वत की मांग की।

सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा, उपरोक्त शिकायत को स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में सत्यापित किया गया था। हालांकि, सत्यापन कार्यवाही के दौरान जायसवाल की भूमिका निर्णायक रूप से स्थापित नहीं की जा सकी।

प्रारंभिक जांच करने के बाद, सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तहत मामला दर्ज किया। सीबीआई को इस संबंध में व्हाट्सएप संदेशों के कुछ स्क्रीनशॉट भी मिले हैं। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बेशर्मी की हदें पार की दरिंदों ने

### » महिला को निर्वस्त्र करके बीच सडक़ पीटते रहे

**दाहोद ,01 जून,2023 (ए)।** गुजरात के दाहोद जिले में कुछ लोगों ने एक आदिवासी महिला से सार्वजनिक रूप से दुर्व्यवहार किया, जिनमें उसका पति भी शामिल था। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला को निर्वस्त्र करके पीटा। पुलिस ने कहा कि इस मामले के संबंध में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह चौंकाने वाली घटना 28 मई की है। घटना की वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में रोष है। हालांकि, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 19 महीनों से महिला अपने चार बच्चों और पति से अलग रह रही थी।महिला का पति उसके अलग रहने से परेशान था। उसने (पति ने) दो अन्य लोगों के साथ मिलकर रामपुरा गांव से महिला का अपहरण कर लिया। सुखसार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को बाद में मरगला गांव ले जाया गया, जहां लोगों ने उसे पीटा। अधिकारियों ने खुलासा किया कि एक आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महिला मेहसाणा जिले के चनस्मा में एक अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थी, जहां वे दोनों दिहाड़ी मजदूर के रूप में जीवनयापन करते थे। उस व्यक्ति की मां ने उन्हें रामपुरा गांव में एक शादी में आमंत्रित किया था और महिला के अलग रह रहे पति को भी निमंत्रण दिया था। वहां पहुंचने पर अलग हुए पति ने चार पहिया वाहन में पुरुषों के एक समूह के साथ महिला और उसके साथी का अपहरण कर लिया और उन्हें मारगला गांव ले गए। मामले की अभी जांच चल रही है।



# संपादकीय

## कब शांत होगा मणिपुर ?

बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था।

मणिपुर में महीने भर से जारी हिंसा और आगजनी के बीच आखिरकार गृह मंत्री अमित शाह ने चार दिन का राज्य का दौरा शुरू किया है। इसके पहले सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे राज्य में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए वहां गए थे। यह तो बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था। जारी हिंसा के बीच राज्य में मैतेयी और कुकी समुदायों के बीच खाई बेहद चौड़ी हो चुकी है। इस बीच राज्य सरकार 40 कुकी आतंकवादियों को मार गिराने का दावा कर पूरे घटनाक्रम में एक नया पहलू जोड़ चुकी है। सवाल यह उठा है कि क्या मणिपुर अब आतंकवाद ग्रस्त हो गया है? राज्य में भाजपा नेताओं पर हमलों की घटनाएं भी हुई हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. आरके रंजन, राज्य में मंत्री गोविंद दास, विश्वजीत और खेमचंद के घरों पर हमले हो चुके हैं। संभवतः सबसे बड़ा सवाल यह उठा है कि मौजूदा हिंसा ने पर्वतीय और मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच नफरत और अविश्वास की जो गहरी खाई पैदा की है, क्या उसे निकट भविष्य में पाटा जा सकेगा?

राज्य के राजनीतिक विश्लेषकों का तो अनुमान है कि मैतेई और कुकी संगठनों के बीच दशकों पुराने इस विवाद के अब इस हद तक सुलग उठने के बाद दोनों समुदायों के बीच बढ़ी कड़वाहट खत्म होने के आसार कम ही हैं।

## एक राष्ट्र का फलना-फूलना

हम आज एक नए भारत की दहलीज पर खड़े हैं, जो दुनिया पर अपनी छाप फिर से स्थापित करने के लिए शानदार ढंग से तैयार है।

भारत वर्तमान में दुनिया भर में जो सम्मान हासिल कर रहा है, वह एक ऐसी दृष्टि से उपजा है, जो व्यापक है - न केवल राष्ट्र,श के लिए विकास और उन्नति पर केंद्रित है, बल्कि भारत के मूल - हमारे आध्यात्मिक लोकाचार को पुनर्स्थापित करने और पुनर्जीवित करने पर भी समान रूप से केंद्रित है। मैं इन महत्वपूर्ण पहलुओं पर भारत को आगे बढ़ाने में उनके समर्पित प्रयास और नेतृत्व के लिए देश के नेताओं और माननीय प्रधानमंत्री की सराहना करता हूं।

भारत समृद्ध आध्यात्मिक विरासत समेटे हुए है - एक ऐसी परंपरा जो धर्म, विश्वास, संप्रदाय या समुदायों की सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी संस्कृति है जिसने अनगिनत संतों, मुनियों और मनीषियों को जन्म दिया है जिन्होंने मानव चेतना की गहराई का पता लगाया है और योग के विज्ञान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम क्षमता खोजने के तरीके और उपाय बताए हैं। योग के महत्व और प्रभाव को विश्व स्तर पर उस हद तक समझा जा रहा है,जितना पहले कभी नहीं समझा गया, भारत को इसके स्रोत के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में किए गए प्रस्ताव के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र,श द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा होना और 177 सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया जाना, इस संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम था। हर साल, यह दिन योग के लाभों को उजागर करने, इसके अभ्यास को प्रोत्साहित करने और व्यक्तियों और समुदायों के बीच स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में कार्य करता है।

अंतर्राष्ट्रीय पटल पर योग की स्थापना के अलावा, हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति के गौरवशाली केंद्रों के पुनरुद्धार की अगुआई में प्रधानमंत्री मोदी के बारे में जानना विशेष रूप से हृदयस्पर्शी रहा है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की स्थापना के साथ काशी का परिवर्तन, मेगा चार धाम परियोजना जिसमें केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों का विकास शामिल है, गुजरात में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार ऐसे प्रयास हैं, जिनसे देश के नागरिक लाभान्वित होंगे और वैश्विक मंच पर आध्यात्मिक शिक्षा और विकास के लिए भारत एक जीवंत केंद्र के रूप में सुदृढ़ होगा।

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा व्यक्ति और ब्रह्मांड के बीच संबंधों पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इन्हें अलग-अलग संस्थाओं के रूप में देखने के बजाय, परंपरा ने हमेशा सभी चीजों की परस्पर संबद्धता और अस्तित्व की मौलिक एकता पर बल दिया है। इसके परिणामस्वरूप सभी जीवन के लिए सम्मान होता है, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण का आधार बन जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान कई पर्यावरणीय पहल फली-फूली हैं। 13 नदियों के कायाकल्प के लिए 19,000 करोड़ रुपये का आवंटन, कावेरी पुकारे आंदोलन का प्रभाव, भारत की आबादी के लिए जल सुरक्षा के लिए आवश्यक है। प्रदूषण को कम करने पर जोर देने के साथ गंगा को साफ करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम, भारत की सबसे पवित्र नदी को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता है। हम सभी को खड़े होना चाहिए और पर्यावरण को संरक्षित करने और भारत के लिए हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

हमारे प्यारे भारत जैसे असंख्य पहलुओं वाले विशाल देश में, एक ऐसा विकास अनिवार्य है जो बहु-आयामी होने के साथ-साथ सर्व-समावेशी, सुलभ और टिकाऊ भी हो।

माननीय प्रधानमंत्री को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहल करने के साथ-साथ सभी के समग्र कल्याण के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। एक तरफ मोदी की पहल ने भारत को डिजिटल युग में आगे बढ़ाया है, समावेशी विकास और पारदर्शी शासन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है कि समाज के सभी वर्गों को देश की वित्तीय वृद्धि में शामिल किया जा सके।

**सदगुरू जग्गी वासुदेव**

# प्राचीन तालाब संस्कृति और रायपुर के तालाब

पानी सहेजते तालाब सदियों बनते रहे हैं जो अतीत की धरोहर बनें हमारी जीवनचर्या का कभी एक अभिन्न अंग थे। तालाब बनवाना, कुआं खुदवाना एक धार्मिक कार्य था। जहां नदियां नहीं थी वहां तालाब ही सब की प्यास बुझाते थे। छत्तीसगढ़ में हजारों हजार तालाब समय समय पर बनाएं गये। राजा ही नहीं सेठ साहूकार भी तालाब बनवाने में पीछे नहीं थे। तालाब तो गांव समाज के लिए रहते थे। कल के बने तालाब आज भी महत्वहीन नहीं हुए हैं।

### तालाब संस्कृति

रायपुर कभी तालाबों का शहर था। समाज की दैनिक जीवन चर्या इन्हीं तालाबों से जुड़ी थी जो जन जीवन के लिए जरूरी थे। धार्मिक अनुष्ठान, रीति रिवाज सभी तालाबों में संपन्न होते थे। नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश विसर्जित होते हैं। गणेश विसर्जन के लिए अलग तालाब बनाए थे। भोजली की भुजरिया में तालाब जरूरी थे। जन्म के बाद मुंडन संस्कार और मृत्यु संस्कार तालाबों में संपन्न होते हैं। दैनिक जीवनचर्या के लिए बने रहे। हर सुबह तालाब में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है फिर डुबकी लगा तल से दोनों मुट्ठी में मिट्टी उठाकर पार में रख देते थे, तालाब को साफ सुथरा रखने के लिए यह अलिखित विधान बनाया गया है और सभी उसे सर्वोपरि समझते थे।

शहरी परिवेश में तालाबों से निस्तार हटा तो तालाब को पाटकर जमीन हथिया ली गई परंतु भू-जल संवर्धन करने वाले तालाबों की ओर ध्यान नहीं दिया गया। रायपुर शहर के तालाब गायब हुए तो भूजल स्तर तेजी से गिरने लगा। गर्मी में तालाबों की सुध आई तब तक जल सहेजने वाले कई तालाबों का अस्तित्व ही खत्म हो गया।

### सौ साल पहले 40 तालाब

100 साल पहले 1891 में जब रायपुर की जनसंख्या 23,095 थी तब रायपुर में 40 तालाब विद्यमान थे। कोई सघन अमराई से घिरा था, कोई निस्तार के लिए तालाब जिसमें कमल खिलते थे। कुछ तालाबों का पानी पिया जाता था। तालाब इतने स्वच्छ थे कि उन की तलहटी में पड़ा एक सिक्का भी साफ-साफ देखा जा सकता था।

तालाब ऐसे ही नहीं बने थे। रायपुर के तालाबों के निर्माण में पानी की आवक और उनकी निकासी की समुचित व्यवस्था की गई थी। आज के रायपुर में थोड़ी तेज बरसात होते ही कई रास्ते पानी से लबालब हो जाते हैं। वर्षाजल को समेटने वाले, उन्हें प्रवाह देने वाले तालाबों को बढ़ते शहरीकरण में




पाट दिया। तालाब एकाएक गायब नहीं हुए। शहर बढ़ता गया और तालाब धीरे-धीरे अतिक्रमण के चपेट में आते गए।

रायपुर का प्रसिद्ध 'बूढ़ा तालाब' को कलचुरी वंश के नरेश भुवनेश्वर सिंह देव ने 1660 में बनवाया था। इसके साथ किले का निर्माण करवाया था। तब बूढ़ा तालाब के तीनों ओर पक्के घाट भी बनाये गये थे। राजा ब्रह्मदेव ने बूढ़ा तालाब के निकट वृद्धेश्वर महादेव की स्थापना की। कालांतर में यह बूढ़ा तालाब के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

1893 में बाबू साधु चरण प्रसाद रायपुर आए थे जिन्होंने 'भारत भ्रमण' में लिखा है, ÷बूढ़ा तालाब का आकार एक वर्ग मील है जिसके चारों ओर रमणीय बाग है।÷ 1950 में पंडित शारदाचरण तिवारी ने तालाब के बीच टापू का निर्माण कराया जहां अभी विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित की गई है। आज यह विवेकानंद सरोवर कहलाता है।

1685 में मेरू सिंह उर्फ उम्मेद सिंह देव रायपुर की गद्दी पर बैठे जिन्होंने एक तालाब खुदवाया जिसे 'राजा तालाब' कहा जाता है। इनके पुत्र बलवीर सिंह ने राजा तालाब में पक्के घाट बनवाएं। इसी दौरान विशाल 'राजबंधा तालाब' बनाया गया जो अब पूरी तरह से पाटा जा चुका है और अब राजबंधा मैदान के नाम से जाना जाता है।

सन् 1700 के दौरान महंत कृपाल गिरी ने 'कंकाली तालाब' का निर्माण कराया जिसके बीचों-बीच कंकाली मंदिर बनाया। तालाब के चारों ओर पक्के घाट बनाकर पार में बगीचा बनवाया। कंकाली तालाब से एक भूमिगत सुरंग बनवाई गई जिससे तालाब के पानी निकासी होती थी और जलमग्न मंदिर खुल जाता था। साल में एक बार कंकाली मंदिर में देवी दर्शन होता था।

कलचुरी वंश रायपुर के अंतिम शासक अमरदेव 1705 से 1741 तक रहे। राजा के दो दीवान कोका प्रसाद राय और मलसाय दीवान थे। कोका प्रसाद ने एक तालाब खुदवाया। यह 'कोको तालाब' अब खोखो तालाब के नाम से जाना जाता है। खोखो तालाब के तीन और पत्थरों की सीढ़ियां व दीवारें बनी थीं इस तालाब में गणेश की मूर्तियां विसर्जित की जाती थी। दीवान मालसाय ने भी एक तालाब खुदवाया जो 'मलसाय तालाब' कहलाता है।

'आमा तालाब' और 'सरजू बांधा तालाब' जगन्नाथ साव ने बनवाया इनकी चार पीढ़ियों ने अनेक तालाब रायपुर में खुदवाय और उनका सौंदर्यीकरण भी किया। शोभाराम साव ने एक और तालाब बनाया जिसे 'नवा तरिया' कहा जाता है। 'अग्रवाल जाति का इतिहास' के लेखक डॉ.चंद्र कुमार अग्रवाल की कविता रायपुर के तालाबों की विशेषता को कुछ इस तरह बताती है।

नवा तरिया नाम के,
वाको दीन कोड़ाय।
तलैया के काम को,
हाथी थाह ना पाए।।
आमा तरिया नाम के,
शोभाराम कोड़ाय।
रायपुर अस बस्ती में,
सागर के सुख पाय।
तीन तरफ पक्का बंधे, दक्षिण में गऊघाट।
कोनन में शिव मंदिर,
पारन में अमराई।।
दाऊ तरिया नाम के,
दाऊ दीन्ह कोड़ाय।
एक तरफ पार को,
पर्वत से निहराए ।।
निरमल जल तालाब को, पारन में अमराई ।
पक्की बंधी है पाचरी,
नाइन में सुख पाई।।

शहर बढ़ा, तालाब पटे-
21वीं सदी के दौर में शहर में 52 तालाब थे जिनमें से अब कई तालाब अस्तित्व में नहीं हैं। रायपुर के तालाब निर्माण की सुनियोजित व्यवस्था थी जिसमें बरसात का पानी तालाबों को भरता हुआ खेतों की प्यास बुझाता था। नगर नियोजन में इसका ध्यान नहीं रखा गया जिसके कारण अब बरसात के दौरान शहर के कई रिहायशी इलाकों में पानी भर जाता है।

रायपुर के तालाब और उनके जल प्रवाह प्रणाली पर एक नजर डालें। रायपुर 'जेल तालाब' का ओवरफ्लो पानी राजबंधा तालाब में आता था। राजबंधा से छलका पानी 'लेंडी तालाब' में जाता था। लेडी इरविन की याद में बना यह तालाब पाटा जा चुका है जहां अब शास्त्री बाजार बन गया है। इस तरह बरसात का पानी जब तलैया से होता हुआ बूढ़ा तालाब की ओर प्रवाहित होता था।

कंकाली तालाब का पानी भी भूमिगत सुरंग से निकलकर दूसरे तालाब में जाकर बूढ़ा तालाब की ओर प्रवाहित होता था। बूढ़ा तालाब का पानी महाराज बंद तालाब में जाता था। यहां से पानी खेतों की ओर जाता था।

### 21वीं सदी में तालाब पटे

2005 में ताल तलैया का शहर रायपुर के निवेश क्षेत्र में 130 तालाब 340 हेक्टेयर में फैले थे। बढ़ते शहर के गिरते भूजल स्तर के चलते पारिस्थितिकी संतुलन की समस्या बढ़ती चली गई। भविष्य को देखते हुए तालाबों की सुरक्षा के लिए उनके आसपास की बस्तियों को हटाए जाने, तालाबों का गहरीकरण करने के साथ उनका विस्तार करने पर विचार किया गया। तालाबों में निस्तार की सुविधा बढ़ाने की योजना बनाई गई। योजनाएं तो बनी मगर धरातल पर कभी नहीं उतरी और तालाब धीरे-धीरे अतिक्रमण की चपेट में आते एक एक करके गायब होते रहे।

रायपुर का बूढ़ा तालाब जो कभी एक वर्ग मील में फैला था वर्तमान में सिमटकर 32-33 एकड़ का रह गया है। विवेकानंद रायपुर आए थे उन्हीं की याद में इस तालाब का नामकरण विवेकानंद सरोवर किया गया है। बूढ़ा तालाब की जमीन को हथियाने के लिए कई राजनैतिक पैंतरे अपना कर योजनाएं बनती गई और हर बार बूढ़ा तालाब से जमीन हथिया ली गई।

'राजबंधा तालाब' में प्रेस कांप्लेक्स और दवा बाजार बन गये हैं जिसे आज रजबंधा मैदान के नाम से जाना जाता है। हर बरसात में यहां पानी भर जाता है। शंकर नगर तालाब अब उद्यान बन गया है। 'जेल तालाब' नक्शे से गायब हो गया है। 'कुकरी तालाब' पाटा जा चुका है। 'मच्छी तालाब' अतिक्रमण की भेंट चढ़ अब आधा भी नहीं रह गया है।

हांडी पारा का 'नया तालाब' अतिक्रमण में गुम हो गया। 'जोरा तालाब' का अब नाम रह गया है! 'भैया तरिया' अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है यह थोड़ा बहुत बचा है। 'राजातालाब' धीरे-धीरे विलुप्त हो रहा है! 'लेडी इरविन' के नाम पर बनाया गया 'लेंडी तालाब' शास्त्री बाजार में तब्दील हो गया है। फाफाडीह का मालगुजारी तालाब पूरी तरह खत्म हो गया है। 'नरसैया तालाब' स्टेडियम की भेंट चढ़ चुका है! पुरैना के 'लच्छी तालाब' में मकान तन गए हैं। खमतराई का 'पनखत्ती तालाब', 'लक्ष्मी डबरी,' 'मुनहो तालाब', नरसैया तालाब' पाट दिये गये। इन तालाबों में बस्ती बस गई है। 'कुकरी तालाब' को आवासीय उपयोग हेतु पाट दिया गया है।

लाखे नगर का 'तुरकी तालाब' गायब हो गया। 'कटोरा तालाब' के पार में अतिक्रमण हो गया है जो धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। जोरा पारा तालाब चारों ओर से मकानों से घिर गया है। रामसागर पारा का 'रमसगरी तालाब' का नामोनिशान नहीं रहा।

### तालाबों पर राजनीति

रायपुर के बचे खुचे तालाब इस तरह घिर गए हैं कि उन में पानी की आवक और निकासी की राह नहीं होने के कारण तालाब का पानी सड़ने लगा है। तालाबों में बदस्तूर कचरा फेंका जा रहा है। तालाब सफाई के नाम चलते भ्रष्टाचार के कारण तालाब बदबू मारने लगे हैं।

जैसे जैसे शहर बढ़ता गया तालाब अतिक्रमण का शिकार बनते चले गए और तालाब गायब होते गये। तालाबों की जमीन हड़पने के लिए राजनीति की योजना बनाते रहे और तालाब पाटे जाते रहे। तालाब के नाम पर राजनीतिक पुरस्कार भी लेते रहे। पहले के लोग अपना 'परलोक' सुधारने के लिए तालाब खुदवाते थे, आज के लोग अपने भौतिक लोक में बढ़ोतरी करने के लिए तालाबों पर राजनीति कर रहे हैं। लोग कागज़ों में तालाब सहेज कर पुरस्कृत हो रहें हैं। रायपुर शहर का पानी उतर रहा है। गर्मी में लोगों को पानी मिलता रहे, प्यास बुझती रहे जिसके लिए तालाबों का उद्धार करने वाली ऐसी कोई योजना नहीं है। जल संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने वाले तालाबों की चिंता गिने-चुने लोगों को है लेकिन तथाकथित पुरस्कार पाने वालों के नक्कारखाने में इनकी तूती चाह कर भी कुछ बयां नहीं कर सकती।



**रविन्द्र गिन्नौरे**
भाटापारा, छत्तीसगढ़

# राजस्थानी सुलह फार्मूले को सी जी में भी अपनाने की अटकलें तेज

कर्नाटक चुनाव में जीत के बाद आगामी चुनावों में गुटीय राजनीति और मतभेद को समाप्त कर मन मिले या नहीं मिले हाथ मिलाये रहिए फार्मूले को गंभीरता से अपनाने की दिशा में कांग्रेस एक कदम आगे बढ़ती नजर आ रही है, मतभेद की खाई जो अंदर तक पड़ चुकी है वहां सुलह समझौते कितना असरदायक होगे यह तो चुनाव परिणामों के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

फिलहाल राजस्थान में गहलोत एवं पायलट के बीच उत्पन्न गुटीय लड़ाई को समाप्त करने की दिशा में पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर पहुंचे राहुल गांधी एवं वरिष्ठ जनों ने किसी तरह पार्टी को एकजुट रखने की दिशा में निर्णय लिया है उनके इस निर्णय के बाद छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी अटकलों की चर्चा गर्म है।

यहां पर मुख्यमंत्री पद के अढ़ाई अढ़ाई साल के दो वारिसों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस आलाकमान ने बीच में हटाना जरूरी नहीं समझा इस दिशा में शेष ढाई साल के मुख्यमंत्री पद के दावेदार टीएस सिंह देव सरगुजा महाराज की हर कोशिश नाकाम रही। इसे लेकर सत्ता और विपक्ष में तरह-तरह की चर्चा से दोनों के बीच सामंजस्य नहीं होने और दूरियां बढ़ने के अनेकों उदाहरण जो सामने आए उससे यही लगा कि सिंहदेव के धैर्य की परीक्षा लेने और उनके मुखर विरोध पर खुलकर कुछ ना कह पाने को शायद आलाकमान उनकी कमजोरी समझ बैठा।

फिलहाल अगले चुनावों को लेकर प्रदेश में तैयारियां पार्टी के भीतर और बाहर तेजी से चल रही है ऐसे समय में पिछले 15-20 दिनों से उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे की को लेकर भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इधर 13 जून को सिंहदेव के विदेश से रायपुर वापसी के बाद संभव है जय वीरू की जोड़ी के नाम से जाने जाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सिंहदेव के बीच बढ़ती दूरियों को समाप्त करने की दिशा में राजस्थान फार्मूले की तरह एक प्रयास की खबर चर्चा में है वैसे श्री सिंहदेव ने अपनी तरफ से पहले ही कई अवसरों पर स्पष्ट करते हुए आलाकमान को आश्वस्त कर दिया है कि वे जीवन पर्यंत राजनीति में रहते हुए कांग्रेस से अलग नहीं होंगे वैसे भी राजनीति में सब कुछ जायज वाले फॉर्मुले में ऊंट कब और किस करवट बैठेगा कोई नहीं जानता जो कहा जाता है वह किया नहीं जाता वही फार्मूला राजनीति में चलते आया है।

और अंत में वर्तमान में सरगुजा के सभी 14 सीटों पर कांग्रेस काबिज़ है विपक्ष का खाता भी नहीं खुला इसमें मुख्यमंत्री के पद पर सिंहदेव की ताजपोशी तय मानी जा रही थी। यह भी एक कारण था। आगामी चुनाव में किसी भी स्थिति में सभी सीटें कांग्रेस के पाले में नहीं आ सकती।

यदि सीटें कम हुई तो सिंहदेव को जवाबदार या भितरघात का आरोप भी लगाया जा सकता है यहां विपक्षी भाजपा 8 से 10 सीटों के लिए प्रयासरत है। जिले के कई मंत्री भी अब अपने विधानसभा की जगह नये स्थान के लिए अभी से जुगाड़ भिड़ाने में लगे हैं।

**हरिकिशन शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार
अंबिकापुर, सरगुजा
छत्तीसगढ़

# प्रभा श्री काव्य गोष्ठी सफलता के नित नए सोपान चढ़ रही




काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत रविवार 28 मई के इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम मधु मधुमन (पटियाला), मंसूर हसन ख़ां (लखनऊ), डॉश शशिकांत शर्मा (नागपुर), एलजी लोमेश गौर (हरदा) सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने अपने बहुमूल्य आशीर्वचन प्रदान किये । प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रूप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## प्रकृति है हमारी आस्था

प्रकृति से ना करना कभी बैर
बैर किया तो ना है तेरी खैर
प्रकृति को अपने पर जीने दो
छेड़खानी कर दुश्मनी ना लो
नदियॉं पर्वत का झरना है शान
जीवन की बहाव है ये तूँ मान
जब जब प्रकृति का हुआ दोहन
बचाने ना कोई आयेगा मोहन
जीने दो नदियों का कल कल बहाव
रोका धारा आयेगा आपदा का मार
बाढ़ से भर जायेगा गाँव बहियार
आफत की नित्य हो जायेगी शुमार
वन जंगल पर्वत व उपवन
सारा है मानव का चित मन
जंगल पानी हवा सब श्रृंगार
मत कर मूरख इसे बरबाद
प्रकृति बचेगी तुम भी बच जायेगा
कायनात मरेगी तुम भी मर जायेगा
जब जब प्रकृति का मन बदला है
तांडव प्रकृति ने खुब मचाया है
प्रकृति आस्था देव का है नाम
पूजते हैं हम मान कर देव धाम
गंगा यमुना संस्कृति अति पुराना
इन सब को है अब हमें बचाना



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला बाँका बिहार

## अब छुट्टियाँ खत्म हुई

खुब हुआ अब घूमना फिरना
चलो स्कूल की तैयारी करलो
कॉपी पुस्तक कलम समेट कर
बैग-यूनिफार्म की खोज करलो।
सैर-सपाटा और धमा-चौकड़ी
नानी घर में खूब उधम मचाई
मित्रों के संग तुम तो खेले-कुदे
अब छुट्टियाँ खत्म होने को आई।
गर्मी की छुट्टियाँ खुब मनायी
होमवर्क की अब करो तैयारी
पढ़ लिख के तुम बनोगे ज्ञानी
अब समझो अपनी जिम्मेदारी।
खूब पढोगे, तभी आगे बढ़ोगे
और बनोगे शिक्षित ज्ञानवान
देश के तुम भावी नागरिक हो
देश को बनाओगे तुम ही महान।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायन छत्तीसगढ़

## प्रिय

प्रिय तुम हो तो,
जीवन कितने करीब है मेरे ।
प्रिय,तुम हो तो साहस कितना,
आ जाता है मन में मेरे।
प्रिय,तुम हो तोसारी विपदाएं ,
पास आने से पहले दूर हो जाती हैं ।
प्रिय,तुम्हारे संसर्ग से ही खिल -
खिल जाते हैं,रोम -रोम मेरे।
तुम्हारी परछाई में भी प्यार के सब
रंग ,देख आती हूँ।
प्रिय,तुम हो तो,
सारा जहान मुट्ठी में है मेरे।



**गरिमा गौतम**
कोटा राजस्थान

## ऐतबार

जिंदगी तेरे इंतज़ार में गुज़ारी है।
पर न आया तू हमने,जान तुझपे वारी है।
अश्कों के साये में,
घुट घुट के शबे-ग़म गुजरी,
सहर से लब पे तबस्सुम की पर्दादारी है।
न तज़्किरा न समाअत,न हाल है कोई,
क्या खूब निभाई है,तूने यार ये यारी है।
चलने को साथ चल रहे,राहों में काफ़िले,
गुज़री मगर तनहाईयो में उम्र ये सारी है।
तोड़ा दिले-बिस्मिल को तूने इस तरह तौबा,
तुझपे ऐतबार किया ये ख़ता हमारी है।



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## क्या दुआ करें

अपनी पे आन पड़े
तो समझाएं क्या
आपसे राज़-ए-मोहब्बत
फरमाएं क्या
कहने वाली तो
हज़ारों बातें हैं जनाब
गर आप सुन सकें
तो कह जाएं क्या
एक अदद दिल ही है हमारी जागीर
आप कहें आपके
दिल में रख आएं क्या
पा लिया है आपको
फिर क्या दुआ करें
आपसा ख़ज़ाना
अब और पाएं क्या
जिगर में तरन्नुम तो
हर पल लिए फिरें
कुछ आपको भी
दिल के गीत सुनाएं क्या



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## समझ न पाए


क्यों हुई गम की बरसात,समझ न पाए।
कैसे बिगडे तमाम हालात,समझ न पाए।
उन्हें आता था हुनर, हर चेहरा पढने का,
फ़कत मेरे ही मन की बात,समझ न पाए।
हम ने चली थी हर चाल सोच समझ के,
जिंदगी के खेल में हुई मात,समझ न पाए।
हर किसी के आँसुओं की उन को
खबर थी,
मेरे ही दिल के वो जजबात,समझ न पाए।
सब को परखा,सब को जाना मगर सागर
फ़कत अपनी ही वो औकात,समझ न पाए।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## रख हौसला तू

अपनी ही धुन में मस्तमौला बन बैठा
येआदमी जाने किस होड़ में भागा
जा रहा ये आदमी
जमीन पर रख निगाहें कि लगे ना
ठोकर तुझे,
आसमान छूने में
क्यूं लगा तू आदमी?
सब अपने ही हैं यहां,मिला हाथ
और दुख सुख बांट ले आदमी
ना रह जाना तू अकेला
इस सफर ए जिंदगी में,
काफिले को ले साथ, एक सैलाब
बन छा जा ओ आदमी
किसी उदास चेहरे पर हंसी खिला
कर तो देख
लुटा दे प्यार इस जग पर ,
फिर तू कमाल देख आदमी
गम को सीने में दबाए हंसी लुटाता
तू हमेशा अपनों के सीने से लग,
थोड़ा रो ले तू आदमी
रिश्तो की डोर होती है नाजुक बड़ी
अब तू इसे और ना उलझा आदमी
इरादों को कर बुलंद,रख हौसला तू
सफलता एक मंजिल ही तो है
बस पहुंचने भर की देर है आदमी



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कांग्रेसी नेता अरविन्द गुप्ता के सूने मकान में लाखों की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। चोर सूने मकान को अपना निशाना बना रहे हैं। कांग्रेस विधायक चिन्तामणि महाराज के दामाद के मकान में चोरी के बाद बुधवार की रात बौरीपारा रिंग रोड निवासी कांग्रेस नेता अरविन्द गुप्ता के मकान में चोरों ने धावा बोला है। इनके मकान से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी पार होने अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जब तक अरविन्द गुप्ता वापस नहीं आते हैं और समानों का मिलान नहीं कर पाते तब तक कितने की चोरी हुई है यह कहमना मश्किल है।

जानकारी के अरविन्द गुप्ता कोतवाली थाना क्षेत्र के बौरीपारा रिंग रोड के निवासी हैं। यह कांग्रेस नेता के साथ-साथ ठेकेदारी का काम करते हैं। यह अक्सर सह परिवार रायपुर में ही निवास करते हैं। तीन दिन पूर्व अरविन्द गुप्ता पत्नी के इलाज के सिलसिल में रायपुर गए थे। घर की देखरेख की जिम्मेदारी नौकरानी दंपति पर थी। नौकरानी दंपति बुधवार की शाम को घर की साफ सफाई कर अपने घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह आकर देखे तो मकान का मुख्य गेट बंद था।





पर कमरे के अंदर जाने का दरवाजा का कुंडी टूटा था। यह देख नौकरानी दंपति दंग रह गए और मामले की जानकारी पड़ोस में संचालित दुकान संचालक को दी। दुकान संचालक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर एएसपी विवेक शुक्ला, कोतवाली प्रभारी एसआई रूपेश नारंग टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। चोरों ने ग्राउंड फ्लोर से लेकर फसर्ट फ्लोर पर बने सभी कमरों को खंगाला है। पुलिस ने बताया कि मकान में नीचे से ऊपर कई लौकर हैं जो चोरों द्वारा तोड़ा गया है। मकान से लाखों रुपए का सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है मकान मालिक अरविन्द गुप्ता रायपुर से वापस नहीं लौटे हैं। इनके आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि क्या-क्या सामान चोरी हुई है। पिछले दो सप्ताह के अंदर शहर में दो चोरी की बड़ी घटनाएं सामने आई है। 21 मई की रात को गांधीनगर थाना क्षेत्र निवासी कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज के दामाद के सूने मकान में चोरी की घटना हुई थी। यहां भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर अपने साथ ले गए थे। वहीं बौरीपारा निवासी अरविन्द गुप्ता के सूने मकान में चोरी के बाद चोरों ने डीबीआर ले गए हैं। वहीं दोनों मकानों में चोरी करने का तरीके समान्य प्रतित हो रहा है।

# शासन से जो 49 लाख की स्वीकृति मिली है उसी से बनेगा महामाया मंदिर का भव्य प्रवेश द्वार

**» 60 फीट की सड़क, 6 फीट का फुटपाथ व कॉरिडोर बनना हुआ है प्रस्तावित**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 जून 2023 (घटती-घटना)।

महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार बनाने एवं प्रस्तावित कॉरिडोर को लेकर गुरुवार को नगर निगम के महापौर कक्ष में कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य संगठन के लोगों के साथ महापौर डॉक्टर अजय तिर्की एवं निगम सभापति अजय अग्रवाल ने चर्चा की। प्रवेश द्वार को लेकर सभी ने अलग-अलग तर्क एवं सुझाव दिए। महामाया द्वार निर्माण समिति के अध्यक्ष नकुल सोनकर ने बताया कि पूर्व में महामाया द्वार के लिए चंदा एकत्रित किया गया था, उसे किसे देना है इस पर सभी ने आपसी सहमति से नगर निगम को चंदा देने की बात पर सहमति जताई। भाजपा नेता भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार में अष्ट धातु का झंडा और बीच में कपड़े का झंडा लगाया जाए। कुछ लोग अपनी स्वेच्छा से भावना अनुरूप सोना चांदी व रुपए दान करना



चाहते हैं उनकी भावनाओं का ख्याल रखा जाए।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बालकृष्ण पाठक ने कहा कि महामाया मंदिर निर्माण के लिए नगर निगम को मैं साधुवाद देता हूं,जो भी कार्य होंगे वह प्रोजेक्ट के तहत ही होंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि खुशी की बात है कि सभी के संयुक्त प्रयास से गेट का भव्य निर्माण होने जा रहा है। सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि महामाया मंदिर शहर की आस्था का केंद्र है और बहुत समय से गेट निर्माण की कमी महसूस की जा रही थी। सामान्य सभा में बात आई की पुराने लोहे के गेट की जगह स्थाई प्रवेश द्वार बनाया जाए। अजय अग्रवाल ने कहा कि निगम शासन से जो 49 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है उसी से निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रवेश द्वार से मंदिर तक कॉरिडोर निर्माण प्रस्तावित है, उसमें पार्षद अपनी निधि से पैसा दे सकते हैं। गेट निर्माण में पार्षद निधि से रुपए देने का प्रावधान नहीं है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने भी प्रवेश द्वार को लेकर टेक्निकल रूप से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में महामाया मंदिर प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर तक चिकन शॉप बंद करने पर सभी ने अपनी सहमति दी है।

### लोग दे सकते हैं निःस्वार्थ व बेनाम दान

महापौर डॉ. अजय तिर्की ने सभी के सुझाव देने के बाद कहा कि निस्वार्थ और बेनाम कोई भी दान करता है तो उसका स्वागत है। मंदिर के दोनों ओर अष्ट धातु का झंडा एवं बीच में गुंबद के ऊपर कपड़े का झंडा लगेगा। प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर तक 60 फीट की सडक़ बनाई जाएगी, बगल में फुटपाथ 6 फुट का होगा। सडक़ के बीच डिवाइडर बनाने की मांग उठी थी लेकिन ज्यादा भीड़ भाड़ होने के कारण और ज्यादा कन्जेस्टेड हो जाएगा, जरूरत पडऩे पर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

# ठेला लगाने के विवाद पर नाबालिग पर फाइटर से हमला

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिला न्यायालय के सामने नो वेंडिंग जोन में ठेले गुमटी लगाए जाने के हल्के विवाद ने एक बड़ा रूप ले लिया। वहां दुकान लगाने वाले ईरानी समुदाय के एक व्यक्ति से नाबालिग का हुआ विवाद काफी बढ़ गया। देखते ही देखते ही ईरानी समुदाय के एक दर्जन युवक और महिलाएं मौके पर पहुंच गए। आधे घंटे तक जमकर मारपीट चलती रही। ईरानी समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग पर फाइटर से हमला भी किया गया, जिससे उसके सिर में चोट आई है। वहीं नाबालिग का परिचित ऑटो चालक मौके पर बीच-बचाव करने पहुंचे तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की गई। आधे घंटे तक मौके पर कोहराम मचा रहा। मौके पर ट्रैफिक कर्मी भी पहुंचे और मारपीट शांत करवाने का प्रयास किया। बाद में दोनों पक्ष कोतवाली भी पहुंचे।



**नो वेंडिंग जोन में दुकान लगाने हमेशा होता है विवाद**

जिला न्यायालय के सामने व आसपास के क्षेत्र में ठेला दुकान लगाने के लिए हमेशा विवाद की स्थिति निर्मित होती है। नो वेंडिंग जोन होने के बाद भी वहां लाइन बार दर्जनों की संख्या में पूरे दिन ठेले गुमटी लगी रहती है। बेतरतीब दुकानों की वजह से उक्त मार्ग पर जाम की स्थिति में निर्मित होती है।

पुलिस मामले में दोनों पक्षों का बयान ले रही है। मामला चाहे जो भी हो, जिला न्यायालय के सामने व आसपास काफी संवेदनशील क्षेत्र कहलाता है, वहां इस तरह की मारपीट होना कई सवालों को जन्म देता है। आधे घंटे तक वहां मारपीट चलती रही परंतु मौके पर पुलिस का ना पहुंचना भी सवाल पैदा करता है।

## मधुमक्खियों के हमले में जख्मी मजदूर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

मधुमक्खियों के हमले के शिकार हुए मजदूर को लापरवाही बरतना महंगा पड़ा। मधुमक्खियों के हमले के बाद मजदूर अपना इलाज कराने के बजाए घर चला गया और दूसरे दिन तबियत विगडऩे पर इलाज कराने उदयपुर अस्पताल पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार पवन गोड़ पिता राजाराम गोड़ उम्र 19 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पलका का रहने वाला था। रामगढ़ महोत्सव के लिए पुरातत्व विभाग द्वारा काम कराया जा रहा है। पवन यहां पर लेवर का काम कर रहा था। वह प्रति दिन घर से आना जाना करता था। 28 की रात को काम कर वह 5 बजे घर पहंचा और बताया कि मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था। इसके बाद वह सो गया। सुबह उठा तो उसके आंख से धुधला दिखाई पड़ रहा था और पूरा चेहरा सूज गया था। परिजन 29 मई को उसे इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# विश्व दुग्ध दिवस पर गाय पालन की दी गई जानकारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सरगवां गोठान अम्बिकापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संजय सिंह, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. बीपी सतनामी, चल चिकित्सा इकाई प्रभारी डॉ. अरुण सिंह, सुकर पालन प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ. सीके मिश्रा, डॉ. विकास जायसवाल, सरपंच मीना हरिना, उपसरपंच मनीष, गोठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शोभनाथ मरबी ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सीके मिश्रा ने लोगों को दूध की पौष्टिकता के विषय में बताते हुए गाय पालन के लाभ एवं दूध उत्पादन में वृद्धि के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अरुण सिंह द्वारा दूध को सम्पूर्ण आहार बताते हुए दूध पीने के लाभ के बारे में बताया। उपसंचालक डॉ. बीपी सतनामी ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के बारे में बताते हुए गोठान में गाय पालने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन्नत गौपालक राजेश सरदार एवं मोती यादव का साल और श्रीफल भेंट कर सम्मनित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को एवं ग्रामीणों को दूध का वितरण किया गया। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में गौपालन के फायदे जानकर गौपालन का निर्णय लिया गया एवं सभी ने उत्साह से गाय पालने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सदस्य रविन्द्र दुबे, विकास सिंह, भगलु प्रधान, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उमेश कुशवाहा, केएल सिदार एवं अनिता टोप्पो, सचिव मोती यादव, एनआरएसएम सपना वैरागी उपस्थित थे।

## जिले के नवपदस्थ एसपी सुनील शर्मा ने संभाला पदभार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने गुरुवार को पदभार संभाला। एसपी सुनील शर्मा वर्ष 2017 बैच ने आईपीएस हैं।



राज्य शासन द्वारा सरगुजा एसपी भावना गुप्ता के ट्रांसफर के बाद सुकमा एसपी सुनील शर्मा को सरगुजा का कमान दिया गया है। पदभार संभालने से पूर्व एसपी सुनील शर्मा ने सबसे पहले मां महामाया मंदिर जाकर मां का दर्शन किया। दर्शन पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण कर समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में आमनागरिकों को बेहतर सेवाएं देने हेतु कार्य करने के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का पालन एवं अपराध नियंत्रण पर हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इससे पूर्व एसपी सुनील शर्मा ने वर्ष 2021 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं।



## 4 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की क्षेत्र के घुटरापारा पुलिया के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास 4 किलो ग्राम गांजा पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्तकर आरोपी राजेश गुप्ता पिता गोपाल दास गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी बेचन कॉलोनी सत्तीपारा अम्बिकापुर को गिरफ्तार कर थाने लाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी,अमित प्रताप सिंह, आरक्षक जयदीप सिंह, रुपेश महंत, शिव कुमार राजवाड़े, विजय सिंह शामिल रहे।

## मुझे टिकट मिले न मिले संबंध बना रहेगाःसफी अहमद



- संवाददाता -
सूरजपुर ,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

मैं राजनीति करने नहीं लोगों की सेवा करने निकला हूँ...मैं कांग्रेस से भटगाव की टिकट के लिए पिछले दो बार से मेहनत कर रहा हूँ...उम्मीद है इस बार सफल हो जाऊँ...लेकिन मुझे टिकट मिले न मिले पर आप लोगों से संबंध सदैव बना रहेगा...ग्राम बड़सरा के लोगों ने जिस आत्मीयता से मेरा सम्मान किया है उसको मैं कभी भुला नहीं सकता हूँ. उक्ताशय के उदगार श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सफी अहमद के हैं. जिन्होंने कांग्रेस नेता रक्षेन्द्र प्रताप सिंह के बड़सरा स्थित निज निवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कहीं हैं. इस दौरान कार्यकर्ताओं की माँग पर शासकीय विभागों के प्रमुखों से मोबाइल पर चर्चा कर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की हर समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया. वहीं न्यूरो से संबंधित बीमारी के मरीज राजकुमार और दीपक चक्रधारी को बेहतर इलाज के लिए डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर जाने को कहते हुए उचित इलाज का प्रबंध कराया. इस दौरान फुलेल चक्रधारी, निर्मल जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, राघव प्रताप सिंह, अशोक कुर्रे, अशोक सारथी, जय प्रकाश साहू, मुकेश सिंह, राजनाथ सिंह, दिलेश्वर साहू, बीरेंद्र साहू, चंद्र शेखर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, कृष्णा सारथी, शिव लाल सारथी, राम साहू, अखिलेश्वर साहू, परमेश्वर यादव, कुर्रिडीह सरपंच अमर सिंह, बड़सरा पूर्व सरपंच जगनारायण सिंह, महमूद अंसारी, संतोष गुप्ता, विकास जायसवाल, विजेश्वर मिश्रा, जितेंद्र, रिजवान, मो खलील, आशीष प्रताप सिंह, नीरज सिंह, प्रणय सिंह, विनय पैकरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# कोयला खदान के द्वारा जारी आंदोलन,प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद भी नहीं हो सका समाप्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोयला उत्पादन के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग सहित मूलभूत समस्याओ को लेकर ग्राम पंचायत जोबगा के ग्रामीणों का केतकी कोयला खदान के सामने बुधवार जारी आंदोलन गुरुवार को प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद भी समाप्त नही हो सका है। हालांकि ग्रामीणों ने धरना तो समाप्त कर दिया है, लेकिन खदान के गेट में तालाबंदी बरकरार रहने से कोयला उत्पादन दूसरे दिन भी ठप्प है। अब शुक्रवार को मामला सुलझने की संभावना है।

दूसरे दिन गुरुवार को एसडीएम रवि सिंह ने राजस्व अधिकारियों एवं एसईसीएल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से आंदोलनकारी ग्रामीणों से चर्चा की। जिसमे



आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सरपंच प्रतिनिधि संत सिंह ने कहा कि केतकी खदान के लिए ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण कर लिए जाने के लंबे अर्से बाद भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आज पर्यंत भू स्वामियों को जमीन के बदले नौकरी प्रदान नहीं की गई है और ना ही उन्हें आज पर्यंत मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है।

जिस पर एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों को नियमों का हवाला देते हुए वस्तु स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम रवि सिंह कहा कि गायत्री खदान के नौकरी व मुआवजा के लंबित प्रकरणों का निराकरण एक माह की समय सीमा में हो जाएगा। केतकी खदान में उत्पादन कार्य में लगी निजी कंपनी द्वारा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी राशि से कम राशि देने के मामले में जांच कराने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया गया। प्रबंधन द्वारा आश्वस्त किया गया कि शुक्रवार को पानी की समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

वार्ता के बाद ग्रामीणों ने धरना तो समाप्त कर दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि शुक्रवार को पानी की समस्या दूर होने पर ही खदान के गेट का ताला खोलने दिया जाएगा। जिस कारण गुरुवार को भी केतकी खदान में कोयला उत्पादन बाधित रहा।

# इमरान के करीबी और PTI अध्यक्ष परवेज इलाही गिरफ्तार,घर के बाहर से घसीटते हुए ले गए सुरक्षा अधिकारी

**इस्लामाबाद,01 जून 2023।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष परवेज इलाही को उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पार्टी ने एक ट्वीट में कहा, शर्मनाक है कि शासन अपने फासीवाद को नहीं रोक रहा है। महंगाई 38 फीसदी तक आसमान छू गई है और जवाब में सरकार परवेज इलाही को गिरफ्तार कर रही है। पीटीआई ने एक वीडियो भी ट्वीट किया है जिसमें 77 वर्षीय नेता को सुरक्षाकर्मियों द्वारा उनके आवास के बाहर से घसीटते देखा गया।

डॉन अखबार ने इलाही के प्रवक्ता इकबाल चौधरी के हवाले से खबर दी है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने घर से निकल रहे थे। प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने इलाही के साथ आई उन महिलाओं के साथ भी %दुर्व्यवहार% किया, जो नौ मई से गिरफ्तारी से बच रही थीं।



लाहौर की एक जिला अदालत ने 26 मई को इलाही के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अदालत ने कहा था, 25 मई के आदेश के तहत अभियोजन न चलाए जाने के कारण आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है और वह अदालत के समक्ष पेश नहीं हो रहा है और जांच में शामिल नहीं हो रहा है। जांच अधिकारी के अनुरोध को देखते हुए आरोपी चौधरी परवेज इलाही के खिलाफ 2 जून 2023 के लिए गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए।

सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ के करीबी सहयोगी रहे इलाही को इस साल मार्च में अपनी पूर्व पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) छोड़ने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। नौ मई को इस्लामाबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित नौ से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# भारत में चीनी पत्रकारों के साथ अनुचित और भेदभावपूर्ण व्यवहार,चीन के विदेश मंत्रालय ने लगाया आरोप

**बीजिंग,01 जून 2023।** चीनी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि चीनी पत्रकारों को भारत में अनुचित और भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद चीन पारस्परिक सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों के तहत भारत के साथ संचार बनाए रखने के लिए तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग (स्ड्डश्न ह्वद्ब्रद्ग) ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

माओ निंग का यह बयान %द वॉल स्ट्रीट जर्नल% में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बारे में एक सवाल के जवाब में आया है, जिसका शीर्षक था ÷प्रतिद्वंद्विता बढ़ने पर चीन और भारत ने एक-दूसरे के लगभग सभी पत्रकारों को बाहर कर दिया÷। भारत में चीनी पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए माओ निंग ने कहा कि 2017 में भारत ने देश में चीनी पत्रकारों द्वारा लिए गए वीजा की वैधता की अवधि को कम कर दिया था।



चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में माओ निंग के हवाले से कहा गया है कि चीनी पत्रकारों को लंबे समय तक भारत में अनुचित और भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ा। 2017 में भारतीय पक्ष ने भारत में चीनी पत्रकारों के वीजा की वैधता की अवधि को बिना किसी वैध कारण के तीन महीने से लेकर एक महीने तक कम कर दिया था। उन्होंने कहा कि भारत ने 2020 के बाद से भारत में रहने के लिए चीनी पत्रकारों के आवेदनों की समीक्षा करने और उन्हें मंजूरी देने से इनकार कर दिया है।

उन्होंने दावा किया कि इसके परिणामस्वरूप भारत में तैनात चीनी पत्रकारों की संख्या सामान्य समय में 14 से घटकर केवल एक रह गई है। जैसा कि हमने कहा है भारतीय पक्ष ने अभी भी देश में अंतिम चीनी पत्रकार के वीजा का नवीनीकरण नहीं किया है।

माओ निंग ने आगे दावा किया कि भारत में तैनात चीनी पत्रकारों की संख्या शून्य होने वाली है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत चीनी पक्ष के पास चीनी मीडिया समूहों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए उचित जवाबी उपाय करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, चीन पारस्परिक सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों के तहत भारत के साथ संचार बनाए रखने के लिए तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनका देश सक्रिय रूप से चीन में काम कर रहे भारतीय पत्रकारों को सहायता और सुविधा प्रदान करता रहा है। उन्होंने आगे कहा, हम उनके साथ दोस्तों और परिवार की तरह व्यवहार करते हैं। मेरा मानना है कि यहां आप में से कई लोग जानते हैं कि कुछ भारतीय पत्रकार 10 से अधिक वर्षों से चीन में काम कर रहे हैं और रह रहे हैं।

# जयशंकर बोले-आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा,ब्रिक्स सम्मेलन में क्या-क्या बोले

**कैप टाउन,01 जून 2023।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रमुख खतरों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि सभी देशों को आतंकवाद के वित्तपोषण (फंडिंग) और प्रचार के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से मुकाबला किया जाना चाहिए और इसे किसी भी परिस्थिति में माफ नहीं किया जाना चाहिए। पांच देशों का समूह ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का 41 फीसदी है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार का 16 फीसदी प्रतिनिधित्व करता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, 1 जून को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान लावरोव ने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात। इस दौरान द्विपक्षीय एजेंडे के सामयिक मुद्दों व अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की गतिशीलता की सराहना की। एससीओ, ब्रिक्स और जी-20 में वार्ता का विस्तार करने पर खास फोकस किया गया। मंत्रालय ने आगे कहा, इस दौरान पारस्परिक स्वभाव को अंतरराज्यीय संबंधों की एक निष्पक्ष बहुध्रुवीय प्रणाली के निर्माण के पाठ्यक्रम को जारी रखने पर चर्चा गई, जिसमें नव-औपनिवेशिक प्रथाओं के इस्तेमाल की रोकथाम और बाधा शामिल है।



# कीव में मिसाइल हमले में दो बच्चों की मौत

**कीव,01 जून 2023।** कीव को निशाना बनाकर किए गए एक मिसाइल हमले में दो बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार रात हुए हमले के बाद शहर के पूर्वी देसन्यांस्की जिले में बच्चों की मौत बताई गई है। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों और घायलों का ब्योरा प्रारंभिक सूचना पर आधारित है।



रूस यूक्रेन की राजधानी पर नियमित रूप से मिसाइलों और ड्रोन से हवाई हमले करता रहा है, आमतौर पर रात के समय।

30 मई को लगातार तीसरे दिन कीव पर हमला किया गया।

कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने हमले को बड़ा बताते हुए लोगों से आश्रयों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया था।

मई में कीव पर यह 17वां हमला था।

# ओक्लाहोमा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला,गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले दो कानूनों को असंवैधानिक करार दिया

**वॉशिंगटन , 01 जून 2023।** अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा के हाईकोर्ट ने पिछले साल लाए गए गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले दो कानूनों असंवैधानिक करार दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत में जिन कानूनों को असंवैधानिक करार दिया है, वे दीवानी मुकदमे थे और निजी नागरिक मुकदमों पर निर्भर थे। इसके तहत आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। हालांकि, हाईकोर्ट के इस फैसले का हालांकि वर्ष 1910 के कानून पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो विशेष स्थिति को छोड़कर अब भी राज्य में गर्भपात पर प्रतिबंध लगाता है।

दोनों कानूनों से चिकित्सा आपात के संबंध में विरोधाभास पैदा हुआ था। ओक्लाहोमा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने 6-3 के मत-विभाजन से इन दोनों कानूनों को पलट दिया। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि दोनों कानून बहुत अधिक जटिल थे। न्यायाधीशों ने तर्क दिया कि एक महिला को चिकित्सा आपात स्थिति की आवश्यकता के बिना अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए गर्भावस्था को समाप्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ओक्लाहोमा रिपब्लिकन-नेतृत्व वाले कई राज्यों में से एक है, जिसने पिछले साल रो बनाम वेड (Roe v. Wade) मामले को पलटने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गर्भपात पर रोक लगाने की मांग की है। गर्भपात पर प्रतिबंध के बाद राज्य में कानूनी चुनौतियां तेजी से बढ़ी हैं। गर्भपात का मुद्दा एक नया राजनीतिक मोर्चा भी बन गया है। कुछ राज्यों के न्यायालयों ने फैसला सुनाया है कि गर्भपात के अधिकार राज्य के संविधानों द्वारा संरक्षित हैं।



### डॉक्टरों ने किया फैसले का स्वागत

अदालत के इस फैसले का डॉक्टरों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि राज्य के गर्भपात कानूनों के बारे में अनिश्चितता ने गर्भपात करने से पहले गंभीर चिकित्सा जटिलताओं और गैर-व्यवहार्य गर्भधारण का सामना करने वाली महिलाओं को स्थिति खराब होने का इंतजार करने के लिए मजबूर किया। ओक्लाहोमा सिटी के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डाना स्टोन ने कहा कि हमारे पास ऐसे कई मामले आए, जब हमें महिलाओं को कहना पड़ा कि हम उनके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सामान्य रूप से गर्भावस्था की समाप्ति की पेशकश करेंगे। पहले हमें उनकी स्थिति की निगरानी करनी होगी और यदि संक्रमण के लक्षण दिखाना शुरू करते हैं या रक्तचाप बढ़ता है, तभी हम कानूनी रूप से आपका इलाज करने में सक्षम होंगे।

# यूक्रेन के अनाज और तिलहन के निर्यात में एक तिहाई गिरावट आने की संभावना



**कीव, 01 जून 2023।** यूक्रेन के कृषि और खाद्य मंत्री मायकोला सोल्स्की ने कहा है कि रूस के हमले के बीच अनाज और तिलहन के निर्यात में इस साल एक तिहाई की गिरावट आने की संभावना है। सोल्स्की ने कहा कि यूक्रेन 2023 में विदेशों में लगभग 46 मिलियन टन अनाज और तिलहन की आपूर्ति करेगा।

मार्च में, यूक्रेनी सरकार ने अनुमान लगाया था कि देश की अनाज और तिलहन की फसल इस साल लगभग 7 प्रतिशत गिरकर 65 मिलियन टन रह जाएगी अकेले यूक्रेन के अनाज निर्यात में इस साल 40 फीसदी की कमी आएगी।

यूक्रेन से खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए सोलस्की ने ब्लैक सी ग्रेन कॉरिडोर में व्यवधान और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन से कृषि आयात पर प्रतिबंध लगाए जाने को मुख्य चुनौती बताया।

# पाकिस्तान दरकिनार:अफगानिस्तान में मजबूत हो रहा भारत, ईरान के रास्ते भारत भेज रहा 20,000 मीट्रिक टन गेहूं

**काबुल,01 जून 2023।** भारत, ईरान के माध्यम से महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके अफगानिस्तान में अपनी नरम शक्ति को मजबूत कर रहा है। इससे एक बार पाकिस्तान को दरकिनार कर दिया गया है। यह बात निक्केई एशिया की एक रिपोर्ट में कही गई है। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक प्रवक्ता ने हाल ही में सूचित किया है कि आगामी महीनों में अफगानिस्तान में 20,000 मीट्रिक टन गेहूं का भारतीय दान आने वाला है।

यह मार्च में नई दिल्ली द्वारा ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से गेहूं भेजने की प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। इस बार भारत ने पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अपना माल ईरानी सीमा पार करके अफगानिस्तान के हेरात क्षेत्र में भेजा है। जबकि पिछली बार भारत ने पाकिस्तान के रास्ते ट्रकों से गेहूं की खेप अफगानिस्तान भेजी थी। अफगानिस्तान में 1.9 करोड़ से ज्यादा लोग खाद्य असुरक्षा से पीड़ित हैं और देश में भुखमरी बनी हुई है।



पाकिस्तान में बढ़ेगी खाद्य असुरक्षा यूएन संयुक्त राष्ट्र की 'हंगर हॉटस्पॉट्स एफएओ-डब्ल्यूएफपी अर्ली वॉर्निंग ऑन सीवियर फूड इनसिक्योरिटी' नामक रिपोर्ट में चेताया गया है कि पाकिस्तान का मौजूदा खाद्य संकट आने वाले महीनों में और ज्यादा गहरा सकता है। इस रिपोर्ट को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफएओ) और यूएन की संस्था वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की तरफ से तैयार किया गया है।

भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान व ईरान को लेकर वैश्विक विश्लेषण...निक्केई एशिया एक जापानी प्रकाशन है जिसने भारत, ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान क्षेत्र को लेकर वैश्विक विश्लेषण पेश किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के हम उन क्षेत्रों में मदद के लिए प्रतिबद्ध है जहां भूख से लाखों के जीवन को खतरा है।

लेकिन भारत का योगदान काबिले गौर है। यह फैसला न सिर्फ अफगानिस्तान को मदद दे रहा है बल्कि क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत कर रहा है।

# तंबाकू मुक्त देश बनने के करीब स्वीडन,महज पांच फीसदी से भी कम लोग रोजाना करते हैं धूम्रपान

**स्टॉकहोम,01 जून 2023।** स्वीडन के आउटडोर बार और रेस्तरां में गर्म हवा तो है लेकिन कहीं भी सिगरेट का धुआं नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस घोषित करने वाले दिन यूरोपीय संघ (ईयू) में स्वीडन एक ऐसे देश के रूप में चिन्हित हुआ जहां धूम्रपान की दर सबसे कम है। यह देश खुद को धूम्रपान मुक्त घोषित करने के करीब पहुंच चुका है जहां 5 फीसदी से भी कम लोग दैनिक रूप से धूम्रपान करते हैं।

यूरोस्टेट सांख्यिकी एजेंसी के मुताबिक, 2019 में 15 वर्ष से अधिक आयु के सिर्फ 6.4 फीसदी लोग यहां दैनिक धूम्रपान करने वाले थे, जो यूरोपीय संघ में सबसे कम और 27 देशों के ब्लॉक में 18.5 फीसदी के औसत से काफी नीचे है। स्वीडन की पब्लिक हेल्थ एजेंसी के आंकड़े बताते हैं कि तब से धूम्रपान की दर में गिरावट जारी है, जो पिछले साल 5.6 फीसदी तक पहुंच गई थी। स्टॉकहोम निवासी कैरिना एस्टोरसन ने कहा, हमें जीने का स्वस्थ तरीका पसंद है, मुझे लगता है कि इसी कारण स्वीडन में धूम्रपान के प्रति दिलचस्पी बहुत कम है।

### फेफड़ों के कैंसर की दर अपेक्षाकृत कम

स्वीडिश कैंसर सोसायटी के महासचिव उलिका अरेहेड ने कहा, हम सार्वजनिक स्थानों पर कई वर्षों से पाबंदी लगाने में जुटे रहे। हमने धूम्रपान पर जिस तरह से सख्ती की उसका असर यह रहा कि अब यहां फेफड़ों के कैंसर की दर दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा कम हो गई है।



### सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान वर्जित

1.5 करोड़ के देश में बस स्टॉप, ट्रेन प्लेटफॉर्म पर और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक इमारतों के आसपास तक कोई धूम्रपान करता नहीं दिखाई देता। 2019 के बाद से स्वीडन का धूम्रपान प्रतिबंध उनके बाहरी बैठने की जगह पर भी लागू हो गया।

### कनाडा हर सिगरेट पर स्वास्थ्य चेतावनी लगाने वाला पहला देश बनेगा

तंबाकू का धुआं बच्चों को नुकसान पहुंचाता है। सिगरेट ल्यूकेमिया का कारण है। हर कश में जहर है। ये कुछ संदेश हैं जो जल्द ही कनाडा में हर सिगरेट पर अंग्रेजी और फ्रेंच दोनों भाषाओं में दिखाई देंगे। कनाडा ने बुधवार को घोषणा की कि हर सिगरेट पर स्वास्थ्य चेतावनी छापनी पड़ेगी। ऐसा करने वाला यह दुनिया का पहला देश बन गया है। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है।

कनाडा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि नए तम्बाकू उत्पादों की उपस्थिति, पैकेजिंग और चेतावनी नियम कनाडा सरकार के उन वयस्कों की मदद करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा होगा जो धूम्रपान छोड़ने में युवाओं और गैर-तंबाकू उपयोगकर्ताओं को निकोटीन की लत से बचाने के लिए और तंबाकू की अपील को और कम करने में मदद करेगी।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हर सिगरेट पर चेतावनी धूम्रपान करने वालों के लिए चेतावनियों से बचना लगभग असंभव बना देगा। कैनेडियन कैंसर सोसायटी के वरिष्ठ नीति विश्लेषक रॉब कनिंघम के अनुसार, नया नियम विश्व में मिसाल कायम करने वाला उपाय होगा, जो हर उस व्यक्ति तक पहुंचेगा जो धूम्रपान करता है। यह नियम 2035 तक देशभर में तंबाकू की खपत को पांच प्रतिशत से कम करने के देश के लक्ष्य का हिस्सा है।



# बांग्लादेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रथम श्रेणी यात्रा पर प्रतिबंध लगाया

**ढाका,01 जून 2023।** बांग्लादेश सरकार ने अगले नोटिस तक सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रथम श्रेणी यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस संबंध में निर्देश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी पीएम के प्रेस विंग ने एक बयान जारी करके दी।

कोविड के कारण हुए प्रभावों के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकार ने खर्च कम करने के उपायों को अपनाया है।

सरकारी खर्च को युक्तिसंगत बनाने के बहुआयामी उपायों के तहत, बांग्लादेश ने पिछले साल नवंबर में अगले नोटिस तक सभी सार्वजनिक कर्मचारियों की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# भाजपा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव शामिल हुए प्रतापपुर,जरही मंडल की संयुक्त बैठक में...

» शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों से किया सीधी बात....

- संवाददाता -
प्रतापपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर एवं जरही के कार्यसमिति की संयुक्त बैठक संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ बैठक के दौरान संभाग प्रभारी ने बूथ अध्यक्षों से सीधे बात कर पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लिया एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।






संस्कृतिक भवन प्रतापपुर में आयोजित प्रतापपुर एवं जरही मंडल के संयुक्त कार्यसमिति बैठक में आए अतिथियों द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के चित्र के समक्ष पुष्प धूप दीप अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर एवं जरही अक्षय तिवारी एवं राजकुमार गुप्ता के साथ भाजपा पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर अक्षय तिवारी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल गोयल ने दोनों मंडलों के संगठनात्मक गतिविधि की जानकारी प्रस्तुत करते हुए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक ले जाने एवं पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बैठक में आए दोनों मंडलों के मंडल पदाधिकारियों शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्षों से बूथ स्तर तक संगठन के निर्देशानुसार चल रहे कार्यों की जानकारी ली साथ ही बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन को सशक्त करने एवं 2023 की चुनाव मैं भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठनात्मक सक्रियता को मंडल शक्ति केंद्र के साथ मतदान केंद्र रोहतक सक्रिय करने का आवाहन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा 2023 की चुनाव की असली लड़ाई मतदान केंद्रों पर होनी है अब समय कम है सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मंडल से शक्ति केंद्र और मतदान केंद्रों का रूप करें और मतदान केंद्रों पर पार्टी को सशक्त बनाने के लिए और भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कसकर तैयार हो जाएं। बैठक के उपरांत मंडल अध्यक्ष जरही राजकुमार गुप्ता ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रतापपुर अवधेश पांडेय ने किया इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा जिला मंत्री अशोक सिंह पूर्व जिला मंत्री प्रेमपाल अग्रवाल प्रदेश कार्यसमिति व्यापार प्रकोष्ठ अंबिका जायसवाल जिला उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा थउलाराम जिला महामंत्री किसान मोर्चा सुनील गुप्ता विधानसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल मंडल प्रभारी श्रीमती शशि सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना सिंह प्रफुल्ल गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष सूर्य देव जयसवाल प्रवीण दुबे शिव चरण नापित झरी राम राम रतन गुप्ता मुकेश जुल्फिकार कादरी तायल दशरथ सिंह अशोक कुमार गुप्ता गोपाल शरण सिंह राजनाथ सिंह चंद्रदेव सिंह राजनाथ सिंह बघेल राम लखन सिंह चंद्रिका यादव शिव कुमार यादव आईटी सेल प्रभारी विक्रम नामदेव भाजयुमो अध्यक्ष विजेंद्र कश्यप संतोष सिंह विश्वजीत सोनी विकास तिवारी अमलेश्वर सिंह विक्रमादित्य गुप्ता पप्पू यादव रोहित मानिकपुरी बादल सूर्या नायक शाम केवल पैकरा विमल नेताम सियाराम जीवन सिंह मरावी जय लाल कपूरचंद सिंह राम लखन सिंह रवि यादव अमर सिंह रामाशंकर टेकाम आलम सिंह हेशाम अली शरद चंद्र द्विवेदी राकेश शुक्ला हिमांशु सिंह एवं जरही मंडल के भाजपा पदाधिकारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक बुत अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने थाना प्रभारियों की ली बैठक





» पूरी क्षमता के साथ निर्भीक होकर पारदर्शिता के साथ पुलिसिंग करने के सख्त निर्देश

» फरियादी के शिकायत पर हो तुरंत एक्शन,थाने से एक भी फरियादी न जाए निराश

» पीड़ित के प्रति उदारता तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती बरतने दी सख्त हिदायत

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला (भा.पु.से.) ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद बुधवार, 31 मई 2023 को सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी क्षमता के साथ निर्भिक होकर पारदर्शिता के साथ पुलिसिंग करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति के प्रति उदारता बरतते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही करें, थाने से एक भी फरियादी निराश होकर न जाए, जिले में बेहतर पुलिसिंग करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध कार्यो पर के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रथम बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण क्षमता व निष्ठा के साथ करें, जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही करने पर संबंधित को नहीं बख्शा जाएगा। प्रभारियों को लंबित मामलों के निकाल पर विशेष ध्यान देने, अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र करने, थाना-चौकी में फरियाद लेकर आने वालों नागरिकों से शालीनतापूर्वक चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने तथा कोई भी फरियादी थाना से निराश होकर न जाए इस दिशा में कार्य करने, आरोपी तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध सख्ती बरतने तथा अपराध को कम करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके ऐसी कार्यवाही से समाज व लोगों में पुलिस की छवि और अच्छी बनेगी।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी सिरिल एक्का, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# चोरी के 5 आरोपियों को थाना झिलमिली पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

विगत गुरूवार को ग्राम मसिरा निवासी बलराम जेना ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मोहली में बिजली टावर में लगने वाले 28 नग एंगल को 18.04.23 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी लिया गया। वहीं दूसरे मामले में माड़ा सिंगरौली निवासी सीताराम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 22 व 28 मई को भैयाथान-प्रतापपुर मार्ग में पुलिया निर्माण में लगने वाले 27 नग सेटिंआ प्लेट को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। दोनों मामले की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला (भा.पु.से.) ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी झिलमिली को दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर भैयाथान चौक में एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन को चेक किया गया जिसमें लोहे का सेट्रिंग प्लेट व लोहे का टावर एंगल लोड़ पाया गया, चालक रामलाल दुबे उर्फ मनोज पिता स्व. प्यारेलाल दुबे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम डकईपारा, थाना पटना जिला कोरिया से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों स्थानों से चोरी की वारदात को अंजाम दिये, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सुरेश तिवारी उर्फ मोटू पिता परमेश्वर तिवारी उम्र 23 वर्ष ग्राम कोरंधा, थाना लुण्ड्रा, जिला सरगुजा, सुमेश्वर सिंह उर्फ सुदामा पिता बिहारी सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम संबलपुर, थाना जयनगर, मनोज उर्फ थलेश्वर पेंकरा पिता साहित राम उम्र 22 वर्ष ग्राम डकईपारा, थाना पटना व हरिराम पैंकरा पिता सुखदेव पैंकरा उम्र 23 वर्ष ग्राम डकईपारा, थाना पटना को पकड़ा। दोनों मामले में पुलिस ने चोरी का 28 नग एंगल व 27 नग सेन्ट्रिंग प्लेट कुल कीमत 1 लाख 21 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन व एक मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, एसआई हिम्मत सिंह शेखावत, एएसआई पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, अलबिनुस तिर्की, आरक्षक राकेश सिंह, हेमन्त सिंह, भीमेश आर्मो, अवधेश पैंकरा सक्रिय रहे।

# सेवा निवृत्त हुए एएसआई लाजरूक एक्का को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने किया सम्मानित



» एएसआई ने 40 वर्ष तक दी विभाग में अपनी सेवाएं

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एएसआई लाजरूस एक्का ने 40 वर्षो तक लगातार अपनी सेवा देकर 31 मई 2023 को सेवा निवृत्त हुये। बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला (भा.पु.से.) सहित पुलिस अधिकारियों ने एएसआई को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त एएसआई के परिजन भी मौजूद रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण ऐलिसेला ने कहा कि एएसआई लाजरूस एक्का पुलिस विभाग में लम्बी अवधि तक अपनी सेवाएं दी है बेहतर कार्य सम्पादित किए, अपने कार्यो के प्रति जवाबदेह रहे, कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर तरीके से करते हुए लोगों की सेवा की। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए एएसआई को पुलिस अधीक्षक ने साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त हो रहे एएसआई ने भी अपने सेवा के अनुभवों को साझा किया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी सिरिल एक्का, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बारातियों को घर के सामने शराब पीने से मना करने पर उत्तेजित आधा दर्जन बाराती युवकों की बेदम पिटाई

» घायल काशी यादव नामक युवक ने उपचार के दौरान तोड़ दिया मेडिकल कॉलेज में दम

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।



तीन दिन पूर्व पसला गांव में बारातियों को घर के सामने शराब पीने से मना करने पर उत्तेजित आधा दर्जन बाराती युवकों की बेगम पिटाई से घायल काशी यादव नामक युवक ने उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में दम तोड़ दिया।

घटना सूरजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पसला देवल्ला पारा की है। बीते 27 मई को गांव के दिनेश्वर राजवाड़े की बड़ी पुत्री का विवाह सुनिश्चित था। बारात कुरुवां गांव से आई थी। ग्रामीण बारातियों की खातिरदारी में लगे थे। इधर रात में बाराती वीरेंद्र राजवाड़े पिता रामकृष्ण राजवाड़े निवासी ग्राम कुरुवां अन्य बाराती युवकों के साथ गांव के ही काशी यादव नामक युवक के घर के सामने बैठकर शराब पी रहे थे और आपस में गाली गलौज कर रहे थे। काशी यादव ने घर से निकलकर उन्हें घर के सामने शराब पीने और गाली गलौज करने से मना किया। जिस पर वे उससे बहस करने लगे। उसके बाद काफी अपने घर के अंदर चला गया और बाद में विवाह समारोह में शामिल होने दिनेश्वर राजवाड़े के घर चला गया था।

रात में विवाह समारोह से वापस लौट रहे काशी यादव को रोककर बाराती वीरेंद्र राजवाड़े एवं उसके साथियों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से काशी यादव की बेदम पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट की वारदात में घायल काशी यादव को तत्काल जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया। जहां से उसे सिर की गंभीर चोट के कारण मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मौत की खबर से पसला गांव में मातम का माहौल निर्मित हो गया और ग्रामीणों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। इधर कोतवाली पुलिस मर्ग डायरी प्राप्त होने पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कर रही है।

# निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को दी भावभीनी विदाई

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस परिवार सूरजपुर के द्वारा मंगलवार, 30 मई 2023 को निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की विदाई एवं नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की गई थी, जिसमें श्री रामकृष्ण साहू को सेनानी, 13वीं वाहिनी छसबल कोरबा के पद पर पदस्थ किया गया है। विदाई व स्वागत कार्यक्रम में माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुनील कुमार नंदे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, डीएफओ श्री संजय यादव सहित अन्य अधिकारियों ने निवृत्तमान व नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। सूरजपुर पुलिस परिवार व जिला प्रशासन की ओर से एसपी श्री रामकृष्ण साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर संजय अग्रवाल (भा.प्र.से.) ने विदाई समारोह को संबोधित किया और कहा कि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के साथ करीब एक माह कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कानून व्यवस्था की परिस्थितियों को शांतीपूर्वक एवं सामंजस्य से निराकरण किए, आम नागरिकों की मदद करने और आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के क्षेत्र में हमेशा आगे रहे हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले से विदा हो रहे पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अग्रिम पदस्थापना की शुभकामनाएं दी।




नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला (भा.पु.से.) ने जिला से विदा हो रहे रामकृष्ण साहू के कार्यो की सराहना करते हुए नई पदस्थापना की बधाई दी।

निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने कहा कि एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण होना सामान्य प्रक्रिया है। सूरजपुर जिले में पदस्थापना के दौरान जिले के आम नागरिकों, अधिकारियों/कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला, सूरजपुर एक शांत प्रिय जिला है। शांति व्यवस्था कायम रखने प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। उन्होने कहा कि 1 वर्ष से अधिक समय के कार्यकाल में जिले वासियों से स्नेह सम्मान मिला जिसे वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है, सभी ने मिलकर एक बेहतर टीम की तरह कार्य किया है। जिससे आम जनों का भरोसा पुलिस के प्रति बढ़ा है। कार्यक्रम को डीएफओ संजय यादव व सीएमएचओ डॉ. आर.एस.सिंह ने भी संबोधित किया। आभार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने किया तथा मंच का संचालन एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी असलम खान, प्रवीण कुजूर, पुनीत तिग्गा, सुश्री सावित्री रक्सेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, राकेश पाटनवार, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी सिरिल एक्का, रामश्रृंगार यादव, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

CMYK

# बालको की ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास शिविर से 500 बच्चे हुए लाभान्वित

- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2023
(घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास शिविर के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला से 500 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए। शिक्षाप्रद रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अनेक कलाओं और व्यक्तित्व विकास के विविध पहलुओं से परिचित कराया गया। बालको संचालित सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'परियोजना कनेक्ट' के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला का उद्देष्य आसपास स्थित शासकीय स्कूलों और संसाधन केंद्रों के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बनाना था। विभिन्न गतिविधियों के जरिए छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों की क्षमता बढ़ोत्तरी में मदद मिलेगी। इसके साथ ही कार्यशाला के जरिए शासकीय स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12 वीं के प्रतिभागियों को विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, लेखाशास्त्र जैसे विषयों में उपलब्ध कैरियर संभावनाओं से अवगत कराया गया।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संगठन सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से बालको आयोजित एक पखवाड़े के कार्यशाला में संयंत्र के आसपास स्थित क्षेत्रों के जरूरतमंद बच्चों ने भागीदारी की। बच्चों को अनेक मनोरंजक गतिविधियां के जरिए व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए गए। बालकोनगर स्थित शासकीय कन्या स्कूल और ग्राम सोनपुरी स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की। आत्मविष्वास में बढ़ोत्तरी और नए कौशल के जरिए समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन में उत्कृष्टता की दृष्टि से शिविर में बच्चों को हस्तकला, चित्रकला, नृत्यकला, संगीत, रंगमंच, कैलीग्राफी आदि कलाओं के प्रशिक्षण दिए गए। किशोरों को शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व से परिचित कराने के लिए योग-प्राणायाम, जुंबा सहित अनेक खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गई। प्रतिभागियों को व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। बालको में कार्यरत कर्मचारियों ने ग्रीष्मकालीन



षिविर में बढ़चढ़ कर भागीदारी की। ''बैक टू बेसिक्स'' कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विज्ञान, अंग्रेजी, गणित आदि विषयों के टूशन दिए। इससे विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम संबंधी आधारभूत सिद्धांतों को समझने में मदद मिलेगी। प्रतिभागियों के चैतरफा व्यक्तित्व विकास के लिए बालको कर्मचारियों ने संवाद कला का प्रशिक्षण दिया। साइबर सिक्योरिटी, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को प्रदर्शन किया गया।

बालको टाउनशिप में रहने वाले कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास कार्यशाला में प्रतिभागियों को अनेक कलाओं और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए दिनचर्या में स्वस्थ आदतों के विकास, भोजन के दौरान आवश्यक श्रिश्टाचार और कौशल संबंधी पहलुओं से परिचित कराया गया। प्राथमिक उपचार प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला के जरिए बच्चों ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी आदतों के विकास और सामान्य चोट लगने पर पट्टी बांधने के तरीके सीखे। मिट्टी कला प्रशिक्षण के दौरान घूमते पहिए पर मिट्टी को अनेक आकार लेते देखना प्रतिभागियों के लिए सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। इस कला का प्रशिक्षण बालको के स्वयं सहायता समूहों ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर, मोबाइल फोन, विडियो और इनडोर डेस्क गेम्स से स्वयं को दूर रखने में मदद मिली साथ ही उन्हें ग्रामीण भारत की समृद्ध कला से परिचित होने का अवसर मिला। एक पखवाड़े के दौरान 6 से 14 वर्ष के बच्चे पारस्परिक संवाद और मित्रता विकसित करने के कौशल से भी रूबरू हुए।

शिविर के प्रतिभागी ऋषिकेष कैवर्त्य ने बताया कि उन्हें बालको आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास शिविर में पहली बार भागीदारी का अवसर मिला। चित्रकला, कैलीग्राफी सहित अनेक कलाओं का प्रशिक्षण उनके लिए रोमांचक रहा। कार्यशाला के अनुभव उनकी स्मृति में सदैव बने रहेंगे। भविष्य में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को बालको आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का हिस्सा बनना चाहिए ताकि उन्हें उत्कृष्ट व्यक्तित्व निर्माण में मदद मिल सके।

बालको प्रबंधन प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन प्रतिभा विकास शिविर आयोजित करता है। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न कलाओं के जरिए समग्र व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है। प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और सीखने, नए अवसर ढूंढने तथा कौशल निर्माण में उनकी मदद के प्रति बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।

## मंदिर में योग व मंत्रों की कक्षाएं हुई प्रारंभ



### साधुराम विद्या मंदिर का आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023
(घटती-घटना)।

साधुराम विद्या मंदिर सूरजपुर के तत्वधान में माँ बागेश्वरी माता मंदिर में योग एवं ध्यान की कक्षाएं प्रारंभ की गई है। 01 जून से प्रारंभ कक्षाओं में विद्यालय अपने ध्येय वाक्य जीवन के लिए शिक्षा के अनुरूप समय-समय पर अनेक समाज उपयोगी कार्यक्रम कराता रहा है। इसी तारतम्य में अपने संस्कृति और सभ्यता के साथ-साथ वैदिक मंत्रों को सीखकर सहेजने की अनोखी पहल विद्यालय के द्वारा बच्चों के लिए कि गई है। बागेश्वरी माता के प्रांगण में सूरजपुर के बच्चों ने ध्यान कर वेद मंत्रोचार किया। कक्षा की शुरुआत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती लीना कोसम एवं विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर राहुल अग्रवाल के आतिथ्य में माँ बागेश्वरी माता को माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने भी पूरा समय देकर कथा एवं मंत्रों को ध्यानपूर्वक सुना। कक्षा के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डीडी तिवारी एवं केसी पुरी ने गणेश जी की कथा बताई व मंत्रों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य डीडी तिवारी, शिक्षक एवं अभिभावक के साथ-साथ बड़ी संख्या में बच्चो ने उपस्थित होकर मंत्रोचार किया।

## जगतगुरू आदि शंकराचार्य से जयसिंह अग्रवाल ने लिया आशीर्वाद,कोरबा आमंत्रण स्वीकार किया

- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में रायपुर पधारे जगत गुरु आदि शंकराचार्य पुरी पीठ के पीठाधीश्वर निश्चलानंद सरस्वती महाराज से कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मिले और उनका आशीर्वाद लिया। संक्षिप्त



चर्चा में अग्रवाल ने जगद्गुरु को बताया कि कोरबा में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है और 12 जून को भगवान राम की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जगद्गुरु को कोरबा प्रवास का हृदय से आंमत्रण दिया, जिसे जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आगमन से मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भव्यता और भी बढ़ जायेगी। प्रख्यात श्रीराम कथा वाचक जयाकिशोरी के आगमन की रूपरेखा पहले से ही तैयार है।

## मंडल प्रवास योजना अंतर्गत कोरबा विधानसभा के सभी मंडलों की बैठक हुई आयोजित

- संवाददाता -
कोरबा,01 जून 2023
(घटती-घटना)।



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित मंडल प्रवास योजना के अंतर्गत कोरबा विधानसभा के कोरबा, कोसाबाड़ी, बालको एवं दर्री मंडलों की बैठक जिला प्रभारी श्याम बिहारी जयसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । कोरबा मंडल की बैठक दीनदयाल कुंज ट्रांसपोर्ट नगर कोसाबाड़ी मंडल की बैठक सांस्कृतिक भवन राजेंद्र प्रसाद नगर दर्री मंडल की बैठक मंगल भवन दर्री एवं बालकों मंडल की बैठक उत्सव वाटिका बालको में आयोजित हुई ।

कोरबा विधानसभा के मंडल प्रवास योजना अंतर्गत आयोजित इस बैठक में जिला प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल के साथ मुख्य रुप से जिला सह प्रभारी गोपाल साहू, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लखन लाल देवांगन, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधानसभा संयोजक आलोक सिंह, उमा भारती सराफ, नवदीप नंदा, अजय चंद्रा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, बालकों मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू के साथ-साथ मंडल के महामंत्री, समस्त पदाधिकारी, कार्य समिति के सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के मंडलों के प्रमुख, शक्ति केंद्रों के संयोजक सहसंयोजक एवं प्रभारी, मतदान केंद्रों के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# अस्पताल परिसर में अधिकारियों के द्वारा लगाया काजू का पेड़ अब फल देने लगा है

- संवाददाता -
कुसमी,01 जून 2023
(घटती-घटना)।





बलरामपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के परिसर में कुछ साल पहले कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के साथ अन्य अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण के दौरान लगाया गया काजू का पेड़ में अब फल देखने को मिल रहा है।और कही न कही वृक्षारोपण का लाभ भी लोगो को दिख रहा है, गौरतलब है कि कुसमी क्षेत्र में काजु जैसे महंगे फल के पेड़ न के बराबर है कई लोगो ने तो काजू के पेड़ तक नही देखे होंगे लेकिन शासन के वृक्षारोपण योजना के जरिए लोगो को महंगे महंगे फलों के पेड़ आसानी से देखने को मिल जा रहा है साथ ही पेड़ में फल भी लोग अपनी आंखो से देख रहे है,और लोग आकर्षित भी हो रहे है । आप पाठको को बता दे कुसमी क्षेत्र में आम लीची नासपति स्ट्रॉबेरी सहित अन्य फलों की खेती से लोग अच्छा लाभ कमा रहे है।आज के समय में खेती किसानी की स्थिति में बदलाव देखने को मिल रहा है पहले एक समय इस क्षेत्र के किसानों का ध्यान सिर्फ धान की खेती पर ही रहता था लेकिन अब इस क्षेत्र के लोग भी बड़े पैमाने में साग सब्जी के साथ फलों की खेती की और भी आगे बढ़ रहे है। बहरहाल पौधा लगाना तो कुछ आसान होता है लेकिन पौधे की देखभाल कर उसे पेड़ बनने तक उसकी सेवा करना बड़ा ही मुश्किल का काम होता है, और अस्पताल परिसर में काजु के पेड़ में फल देख कर लगता है की यहां के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अच्छा कार्य किया, जिसके बदौलत नन्हे से काजु के पौधा ने अब पेड़ का रूप ले लिया और पेड़ में फल भी देखने को लोगो को मिल रहा है।

## चोरी के कबाड़ सहित एक गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

बीते 18 मई को थाना भटगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी देवानंद के घर पास बाड़ी से करीब 4 टन कबाड़ कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये व एक पिकअप वाहन बरामद कर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर आरोपी देवानंद सोनी व सुरेन्द्र सोनी निवासी इंदिरा कालोनी भटगांव को गिरफ्तार किया था, वहीं मामले में आरोपी रामानंद सोनी फरार था जिसकी पतासाजी की जा रही थी।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला (भा.पु.से.) ने मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी करते हुए थाना भटगांव पुलिस ने आरोपी रामानंद सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी थाना भटगांव को गिरफ्तार किया, आरोपी के निशानदेही पर सीएचपी वर्कशाप के पीछे झाड़ी से एसईसीएल में उपयोग होने वाला बड़ा पाईप रोलर 10 नग, छोटा पाईप रोलर 24 नग व लोहे का छोटा पट्टा 14 नग करीब 3 क्विंटन कबाड़ कीमत 21 हजार रूपये का बरामद किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई बीएम गुप्ता, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, पूरनचंद राजवाड़े, सुन्दरलाल, करन नेताम, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, कमलेश्वर सिंह व भोला शंकर राजवाड़े सक्रिय रहे।

## कलेक्टर ने शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

### शाल,श्रीफल के साथ सौंपा पेंशन भुगतान आदेश

- संवाददाता -
कोरिया,01 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज शासकीय सेवकों को उनके सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री लंगेह ने सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभागों के 02 शासकीय सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ./जी.पी.ओ.) पुष्प गुच्छ एवं शाल श्रीफल के साथ प्रदान किया। अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।



शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के लेखापाल श्री सुरेन्द्र लाल राजवाड़े एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पटना की ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती विमला यादव है।संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन सरगुजा संभाग अम्बिकापुर के निर्देशन में जिला कोषालय द्वारा यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर लंगेह के मार्गदर्शन में शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर तत्काल पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाना विशेष उपलब्धि है। जिला कोषालय अधिकारी श्री वी.जी. उपगड़े ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यालय प्रमुखों का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण यथा समय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन को प्रेषित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700223**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023

अम्बिकापुर प.ह.न. 00015(3817/1 (0080हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गीता देवी,
अनावेदक पक्षकार- बन्धूठाकुर

**इश्तहार**

आवेदक गीता देवी पत्नी संतोष ठाकुर, निवासी रिंग रोड,दर्रीडाड, अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 3817/1 में से रकबा 0.008 हे0 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिना 21/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202303020700242**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023

अम्बिकापुर प .ह.न. 00015(2797/13 (0.0200हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मो0 हसनैन खान
अनावेदक पक्षकार- मुनीशा बेगम, मो0 सुल्ताना खान

**इश्तहार**

आवेदक मो0हसमैन खान आ0 मो0 सुलेमान निवासी मकान नम्बर एम 497 शक्तिनगर जरही तहसील भटगांव जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2797/13 रकबा 0.020 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में हिब्बतनामा के माध्यम से नामांतरण किये जाने बावत आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिना 21/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खिस्तोपाल कुजूर आ0 स्व0 मनोहर कुजूर, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-सूरजपुर तह0-सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-सूरजपुर,प0ह0नं0-08 रा0नि0मं0-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर,छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र0 1620/5 रकबा 0.040 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15/06/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/05/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़

संक्षिप्त ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना-10/2023-24 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/871/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24 — अम्बिकापुर,दिनांक 29.05.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 12/06/2023 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 136013 | 11 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | सीतापुर | 20.07 |
| 2 | 136036 | 22 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | सीतापुर | 39.12 |
| 3 | 136037 | 06 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | सीतापुर | 39.20 |
| 4 | 136038 | 09 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | सीतापुर | 39.74 |
| 5 | 136039 | 19 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | सीतापुर | 39.40 |
| 6 | 136040 | 10 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.33 |
| 7 | 136041 | 05 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 38.02 |
| 8 | 136042 | 07 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 37.74 |
| 9 | 136043 | 09 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 37.85 |
| 10 | 136044 | 13 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 39.15 |
| 11 | 136045 | 06 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | उदयपुर | 17.83 |
| 12 | 136046 | 06 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | बतौली | 13.47 |
| 13 | 136047 | 17 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | बतौली | 38.66 |
| 14 | 136048 | 17 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | बतौली | 39.36 |
| 15 | 136049 | 20 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लखनपुर | 37.68 |
| 16 | 136050 | 22 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लखनपुर | 37.87 |
| 17 | 136052 | 10 शाला भवनों में जीर्णोद्धार/मरम्मत कार्य | लखनपुर | 28.35 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 29/05/2023 से देखी जा सकती है।

**टीपः**- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 13/06/2023 सायं 5.30 तक काय्रलय कार्यपालन अभियेता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा अम्बिकापुर में पहुंचना अनिवार्य है।

जी.नं.-01876/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण सेवा संभाग अम्बिकापुर

# बार्सिलोना जीपी 2023 से पहले वर्तमान ड्राइवर स्टैंडिंग पर एक नजर



**स्पेन,01 जून 2023।** फॉर्मूला वन ड्राइवर 2023 कैलेंडर वर्ष की आठवीं दौड़ के लिए तैयार हैं क्योंकि एफ 1 स्पेनिश ग्रैंड प्रिक्स के लिए बार्सिलोना की यात्रा करता है। यह आयोजन 4 जून को अभ्यास और क्वालीफाइंग सत्र क्रमशः 2 और 3 जून के लिए निर्धारित है।

सर्किट डे बार्सिलोना-कैटालुन्या ट्रैक पर होने वाले कार्यक्रम से पहले, यहां छह रेसों के बाद इस सीज़न के ड्राइवर स्टैंडिंग पर एक नज़र है। एमिलिया रोमाग्ना जीपी में इस साल सातवीं दौड़ क्षेत्र में गंभीर बाढ़ के कारण रद्द कर दी गई थी।

इस सीज़न में ड्राइवर रैंकिंग में सबसे आगे दो बार के ड्राइवर चैंपियनशिप विजेता, मैक्स वेरस्टैपेन 144 अंकों के साथ हैं। उन्होंने 2021 और 2022 में दो बार चैंपियनशिप अपने नाम की है। डिफेंडिंग चैंपियन से पीछे उनके रेड बुल रेसिंग टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ हैं, जो मोनाको जीपी में खराब प्रदर्शन के बावजूद 105 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर 16वें स्थान पर रहे।

एस्टन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो इस सीजन में कई पोडियम के साथ फॉर्मूला 1 में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ सीजन में से एक रहे हैं, वह कुल 93 अंकों के साथ ड्राइवर्स स्टैंडिंग 2023 में तीसरे स्थान पर हैं। वह पिछले हफ्ते मोनाको जीपी में दूसरे स्थान पर रहे थे।

सात बार के ड्राइवर चैम्पियनशिप विजेता, लुईस हैमिल्टन जो पिछले साल से अपनी मर्सिडीज के साथ पोडियम के लिए संघर्ष कर रहे हैं, 69 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं, उनके साथी जॉर्ज रसेल 50 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज हैं।

छठे और सातवें स्थान पर दोनों फेरारी ड्राइवरों का कब्जा है, क्योंकि कार्लोस सैंज 48 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और चार्ल्स लेक्लेर 42 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

एस्टन मार्टिन के दूसरे ड्राइवर लांस स्ट्रोक रैंकिंग में अपने टीम के साथी अलोंसो से पिछड़ रहे हैं क्योंकि वह 27 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं।

दूसरी ओर, मोनाको जीपी में तीसरे स्थान पर रहने वाले अल्पाइन रेनॉल्ट के एस्टेबन ओकन 21 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। ओकन की टीम के साथी पियरे गैसली 2023 सीजन में अब तक 14 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं।

कंस्ट्रक्टर चैम्पियनशिप स्टैंडिंग 2023ः रेड बुल रेसिंग होंडा आरबीपीटी (249), एस्टन मार्टिन अरामको (120), मर्सिडीज (119), फेरारी (90), अल्पाइन रेनॉल्ट (35), मैकलेरन मर्सिडीज (17), हास फेरारी (17), अल्फा रोमियो फेरारी (6), अल्फाटौरी होंडा आरबीपीटी (2), विलियम्स मर्सिडीज (1)। (एएनआई)

# डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले पुजारा और कोहली के बारे में बात करेगा ऑस्ट्रेलिया

**लंदन,01 जून 2023।** पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत से निपटना है तो चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को जल्दी आउट करना होगा। भारत के टेस्ट बल्लेबाज पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण टीम के साथियों को बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं जबकि कोहली हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए दो शतक और छह अर्धशतक लगाकर शानदार फॉर्म में हैं। पोंटिंग ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट के बारे में बात करेगी और वे पुजारा के बारे में बात करेंगे।''

पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की चुनौतियों का आनंद लेने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना में उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए हैं और उनका प्रदर्शन भारत के दूसरे प्रयास में डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा। पोंटिंग ने कहा, ''पुजारा ने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में काफी परेशान किया है और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। वे जानते हैं कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा।'' तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट में



पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए हैं और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद होगी कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम के लिए कुछ और महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कोहली ने आईपीएल में अपनी जबर्दस्त फॉर्म के अलावा मार्च में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 186 रन की पारी खेली थी और वह पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम के खिलाफ खेलने के लिए बेताब होंगे। पोंटिंग ने कहा, ''वे यह भी जानते हैं कि पिछले कुछ हफ्तों में विराट शायद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है, हालांकि टी20 क्रिकेट में। उसने मुझे बताया कि वह महसूस कर रहा है कि वह अपनी लगभग सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है और एकमात्र मैच से पहले यह ऑस्ट्रेलिया के लिए चेतावनी है।'' पोंटिंग आईपीएल और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में 23 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल के प्रदर्शन से भी काफी प्रभावित हैं। गिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए तीन शतक लगाए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, ''वह शानदार युवा खिलाड़ी है। उसमें थोड़ी अकड़ भी है और वह स्तरीय खिलाड़ी भी है। वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ फ्रंट-फुट पुल शॉट खेलता है और उसे शायद इस ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ इस शॉट की जरूरत पड़ेगी।'' डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और पोंटिंग का मानना है कि अनुभवी मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि चोट के कारण जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं हैं।



# शतरंज की दुनिया का अग्रणी देश बनने वाला है भारत :कार्लसन

**नयी दिल्ली,01 जून 2023।** पांच बार के विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने देश से उभरती प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा है कि भारत जल्द ही शतरंज की दुनिया का अग्रणी देश बनने वाला है।

कार्लसन ने ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि भारत में अभी बहुत कुछ सही हो रहा है। यह दुनिया का अग्रणी शतरंज देश बनने वाला है, कुछ ही समय की बात है।

कार्लसन को 21 जून से दो जुलाई के बीच दुबई में होने वाले जीसीएल के लिये 'आइकन खिलाड़ी' चुना गया है। यह आयोजन टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के तत्वावधान में किया जा रहा है। जीसीएल अपने तरह की पहली शतरंज लीग है जहां दुनिया भर के सितारे छह अलग-अलग टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्लसन ने जीसीएल के बारे में कहा, इसका (जीसीएल) हिस्सा बनना मेरे लिये एक रोमांचक अवसर है। ऐसा कुछ पहले बोर्ड पर नहीं किया गया है। मैं इस प्रारूप के भविष्य को देखने के लिये उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, मैं भारतीय खिलाड़ियों की रोमांचक युवा पीढ़ी के साथ और उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिये उत्सुक हूं। इस टूर्नामेंट के बारे में वास्तव में अच्छी चीजों में से एक यह है कि पुरुष और महिलाएं एक ही मंच पर एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

लीग में छह टीमें डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में कुल 10-10 मैच खेलेंगी। लीग चरण के समापन के बाद शीर्ष दो टीमें दो जुलाई, 2023 को फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी और विजेता को विश्व चैंपियन फ्रेंचाइजी टीम का ताज पहनाया जाएगा।

### आईपीएल में फ्लॉप रहने के बावजूद

# दिनेश कार्तिक की चमकी किस्मत



**» मिल गया डब्लूटीसी फाईनल का टिकट**

**नयी दिल्ली,01 जून 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से डब्लूटीसी फाईनल खेला जाना है। इसके लिए जो कमेंट्री टीम सामने आई है उसमें दिनेश कार्तिक का भी नाम शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दिनेश कार्तिक के अलावा महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री को जगह मिली दी गई है।

टीम इंडिया के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जिनपर सबकी नजर थी वो इस बार आईपीएल में बुरी तरह से फ्लॉप रहे। टीम इंडिया में आईपीएल में प्रदर्शन के दम पर वापसी करने वाली इस बैटर का करियर अब खत्म माना जा रहा है। वैसे उन्होंने अपने दूसरे फेवरेट काम की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया है।

अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुनी गई टीम में भले नहीं हैं, लेकिन फिर भी वो इंग्लैंड का टिकट हासिल करने में कामयाब हुए हैं। पिछली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में कमेंट्री करने वाले इस अनुभवी विकेटकीपर को इस बार भी इसी भूमिका में देखा जा सकता है।

# पाकिस्तान के लिए होगी बड़ी राहत

**» डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर होने के बावजूद भी आईसीसी देगा इतने लाख रुपए**

**ओवल,01 जून 2023।** इंग्लैड के ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए दोनों ही टीमें प्रैक्टिस भी शुरू कर चुकी हैं। आईसीसी की ओर फाइनल जीतने वाली टीम को पुरस्कार के रूप में कितनी राशि मिलेगी इसका ऐलान भी किया जा चुका है। इस ऐलान से



पाकिस्तान के लिए भी राहत भरी खबर है। दरअसल, आईसीसी की ओर विजेता और उपविजेता के अलावा अन्य टीमों को भी पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### कितना मिलेगा पुरस्कार

दी गई जानकारी के मुताबिक भारत और आस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के विजेता को 16 लाख डॉलर ईनामी राशि के तौर पर मिलेंगे जबकि उपविजेता को आठ लाख डॉलर दिये जायेंगे। डब्ल्यूटीसी के पिछले संस्करण के लिए पुरस्कार राशि में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछली बार न्यूजीलैंड को भी 16 लाख डॉलर मिले थे। न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला जीता था।

### अन्य टीमों को भी मिलेगी पुरस्कार राशि

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की कुल 38 लाख डॉलर ईनामी राशि में से सभी नौ टीमों को हिस्सा मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को 2021-23 में तीसरे स्थान पर रहने के लिये 450000 डॉलर मिलेंगे। इंग्लैंड को चौथे स्थान पर रहने के 350000 डॉलर मिलेंगे। श्रीलंका को पांचवें स्थान पर रहने के दो लाख डॉलर दिये जायेंगे। बाकी टीमों को एक-एक लाख डॉलर मिलेंगे। पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और न्यूज़ीलैंड को भी एक-एक लाख डॉलर मिलेंगे।

# अश्विन जैसी कैरम-बॉल सीखना चाहते हैं मर्फी

**लंकाशर,01 जून 2023।** ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी ने सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले भारतीय दिग्गज रविचंद्रन अश्विन की तरह 'कैरम-बॉल' पर महारत हासिल करने की इच्छा जताई है।

मर्फी ने फरवरी-मार्च में भारतीय सरज़मीन अपना अपना टेस्ट पदार्पण करते हुए चार मैचों में 14 विकेट चटकाये थे। उस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को भले ही हार मिली थी लेकिन मर्फी को उनके प्रदर्शन के आधार पर डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज़ टेस्ट श्रृंखला की स्क्वाड में जगह दी गयी है।

मर्फी ने अपनी तैयारियों पर कहा, मैं अभी भी उस (कैरम बॉल) पर काम कर रहा हूं, लेकिन अश्विन की तरह इसे करने में अभी लंबा सफर तय करना है। यह एक तरह से आसान है, और मुश्किल भी। आपको बस भरोसा रखने की जरूरत है कि आप इसे कर सकते हैं। मैं एक दिन अपने कौशल में इसे जोड़ना पसंद करूंगा।

मर्फी हालांकि टेस्ट क्रिकेट की आवश्यकताओं को समझते हैं और नयी-नयी कलाएं सीखने के बावजूद ऑफ-स्पिन को ही अपनी मजबूती रखना चाहते हैं।

मर्फी ने कहा, आप हमेशा अपनी तरकश में नया तीर जोड़ने की कोशिश में रहते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी मूल चीजें अच्छी रहें और आपकी स्टॉक गेंद उतनी अच्छी स्थिति में हो जितनी आप कर सकते हैं।



मर्फी को भारत दौरे पर यहां की पिचों को ध्यान में रखकर लाया गया था, जो स्पिनरों के लिये मददगार साबित हुई हैं। मर्फी ने बताया कि अपने वरिष्ठ नेथन लायन से गुर सीखने के अलावा उन्होंने अश्विन को भी बहुत बारीकी से देखकर अपनी गेंदबाजी में सुधार किया।

मर्फी ने कहा, विश्लेषण की सबसे अच्छी बात यही है कि आप सब देख सकते हैं। मैं उनके हाथ और कलाई की स्थिति को करीब से देखने में दिलचस्पी रखता था, बस यह समझने के लिये कि हर गेंद कैसे बाहर आ रही थी और कैसे व्यवहार कर रही थी।

उन्होंने कहा, उन परिस्थितियों में उनका कौशल अद्वितीय है। यह आश्चर्यजनक था कि वह अपने पूरे ओवरों में गेंदबाजी में कैसे विविधता ला सकते हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया को सात जून से लंदन के द ओवल मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में एक-दूसरे का सामना करना है। अनुभवी स्पिनर नेथन लायन के होते हुए मर्फी को इस मुकाबले में जगह मिलना मुश्किल है, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह मौका मिलने तक अपने कौशल में लगातार सुधार करते रहेंगे।

मर्फी ने कहा, जाहिर है इस समय 'गैज़ा' (लायन) हैं और इतने लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। एक तरह से मुझे उम्मीद है कि मुझे इस दौरे पर कोई मैच नहीं खेलने को मिलेगा, क्योंकि इसका अर्थ होगा कि वह फिट रहेंगे।

उन्होंने कहा, उम्मीद है कि मैं कड़ी मेहनत कर सकता हूं और अपना कौशल विकसित कर सकता हूं। अगर कोई अवसर आता है तो मुझे यह सुनिश्चित करना होगा कि मैं इसे लेने के लिये तैयार हूं। मुझे हर समय तैयार रहना होगा। बहुत सी चीजें बदल सकती हैं और वे तेजी से बदल सकती हैं।

### कॉनवे को सीखते रहने की विलियमसन की लत लग गई है: ब्रेसवेल

**ऑकलैंड ,01 जून 2023।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर जॉन ब्रेसवेल का मानना है कि करिश्माई बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को पिछली गलतियों से सीखते रहने और अपनी बल्लेबाजी तकनीक में तेजी से सुधार करने की 'केन विलियमसन की लत' लग गई है।



न्यूजीलैंड की टीम में देरी से 29 साल की उम्र में जगह बनाने वाले कॉनवे ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर दोहरा शतक जड़ा था और सबसे लंबे प्रारूप में ऐसा करने वाले केवल सातवें बल्लेबाज बन गए। अब 31 बरस के कॉनवेने अपने दूसरे इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाते हुए छह अर्धशतक की मदद से 51 से अधिक की औसत से 672 रन बनाए और इस दौरान नाबाद 92 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।

# महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी 28 का नया पोस्टर रिलीज

महेश बाबू का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं की सूची में शुमार है। मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें महेश के अलावा पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार को एस एसएमबी28 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें महेश दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने एस एस एम बी28 का नया पोस्टर अपने पिता कृष्णा को समर्पित किया है।




महेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एसएसएमबी28 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज का दिन और भी खास है! यह आपके लिए है पापा। गौरतलब है कि पिछले साल महेश के पिता कृष्णा का निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था। फिल्म एसएसएमबी28 की बात करें तो इसका निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसएमबी28 के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने 81 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं।

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का धमाकेदार पोस्टर शेयर किया था और इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म का रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है. फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं थे.

महेश बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 28 के पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसमें वह फुल स्वैग में नजर आ रहे हैं. मुंह में सिगार दबाए हुए महेश बाबू टशन में नजर आ रहे थे. उनके सामने लोगों की भीड़ दिख रही थी. महेश बाबू ने कैप्शन में बताया कि उनकी ये फिल्म 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

बताते चलें कि महेश बाबू आरआरआर के डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ काम करने जा रहे हैं. एसएस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म का टेंटेटिव टाइटल एसएसएमबी 29 रखा गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू अपनी इस फिल्म के लिए लंबी वर्कशॉप करेंगे. ये वर्कशॉप इस साल के अंत तक शुरू की जाएगी, जो करीब 6 महीने तक चलेगी.


# बैकलेस ड्रेस पहन समुंद्र किनारे जैस्मिन भसीन ने दिए सेक्सी पोज

दिल से दिल तक में टेनी का किरदार निभा कर हर घर में मशहूर होने वाली एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने इस टीवी शो में अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था। अब हाल ही में उनकी लेटेस्ट वेकेशन की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने में लगी हुई हैं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हो, लेकिन वो आए दिन अपने व्लॉग्स और फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। वो हर बार अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट मालदीव वेकेशन की तस्वीरें



इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में जैस्मिन भसीन ने ब्लू कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को बेहद ही शानदार लग रहा है। हालांकि लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। जैस्मिन भसीन ने अपने इस फोटोशूट के दौरान काफी डीप बैकलेस पहनी है, जो पीठ से पुरी तरह खुली है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्यार बरसाते हैं। हालांक इन तस्वीरों पर भी लोग कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा - हाय गर्मी, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- तुम कितनी हॉट हो यार।

# मनीष पॉल का ओटीटी डेब्यू,जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीम




वेब सीरीज रफूचक्कर का टीजर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के साथ मनीष पॉल ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। ये सीरीज कॉन ड्रामा पर बेस्ड है। सीरीज में मनीष पॉल अलग-अलग लोगों के भेष में लोगों से ठगी करते नजर आएंगे। टीजर में दिखाए गए मनीष के अलग-अलग लुक्स को काफी पसंद किया जा रहा है। सीरीज में मनीष पॉल कभी फिटनेस एक्सपर्ट तो कभी वेडिंग प्लानर के रोल में दिखेंगे। वेब सीरीज की शूटिंग नैनीताल और दिल्ली के कुछ इलाकों में हुई है। सीरीज में ठगी का पता लगाने के लिए डीप फेक, फेस मैपिंग और डिजिटल फूटप्रिंट जैसी ने टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को भी फिल्माया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि मनीष किस तरह लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी करते हैं और फिर रफूचक्कर हो जाते हैं। इस सीरीज में मनीष के साथ प्रिया बापट और संतोष सिंह भी नजर आएंगे। रीतम श्रीवास्तव सीरीज के डायरेक्टर हैं। सीरीज 15 जून से जिओ सिनेमा पर स्ट्रीम होगी। सीरीज को ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है।

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का हुआ शुभारंभ

## राम हमारे दिल में बसे हैं,हमारी सुबह राम से होती है,तो शाम भी राम के नाम सेः सीएम बघेल

**रायपुर,01 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भगवान श्री राम ने अपने वनवास के 10 साल छत्तीसगढ़ में गुजारे। भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान कितनी कठिनाई झेली पर अपनी मर्यादा नहीं खोई। भगवान राम जब वन गए तो मर्यादा पुरूषोत्तम बन गए। उनके इस चरित्र निर्माण में छत्तीसगढ़ का भी अंश है। मुख्यमंत्री आज कला और साहित्य की नगरी रायगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या और शबरी माता का प्रदेश है। यहां सदियों से निवास कर रहे आदिवासियों, वनवासियों का प्रदेश है। भगवान राम का राजतिलक होना था लेकिन वे वनवास गए, निषादराज से मिले, शबरी से मिले, ऋषि मुनियों से मिले। हमारा रिश्ता वनवासी राम के साथ ही कौशल्या के राम से भी है, इसलिए वे हमारे भांजे है, हम छत्तीसगढ़वासी भांजे का पैर छूते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में शासकीय रूप से राष्ट्रीय स्तर पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम जी के आदर्श चरित्र के श्रवण के लिए यह सुंदर आयोजन किया जा रहा है यद्यपि यह राष्ट्रीय आयोजन है लेकिन इसमें कंबोडिया, इंडोनेशिया जैसे विदेशी दल भी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे यह महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैंने राष्ट्रीय रामायण उत्सव के दौरान सुंदर मार्च पास्ट भी देखा इसमें रामनामी सम्प्रदाय का राम मार्चपास्ट भी देखा। इन्होंने पूरा जीवन श्री राम को समर्पित कर दिया है। वे निराकार में विश्वास करते हैं, जिस तरह कबीर निराकार में विश्वास करते हैं। इस तरह सबके अपने-अपने राम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम कथा हमारे दिलों में बसी हुई है। हमारी सुबह राम-राम से होती है और शाम भी राम-राम से होती है। हमारे हर गांव में रामलीला की सुंदर मंडलियां बनी हुई है। आमजन श्रीराम से गहरी आत्मीयता इसलिए महसूस करते हैं क्योंकि श्री राम सबके हैं, वे निषादराज के हैं, शबरी के हैं। सबसे अनुराग रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सांस्कृति आदान-प्रदान के लिए उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है, जहां तीर्थ स्थल हैं और इनमें 2 एकड़ जमीन चाही है ताकि हम अपने यात्रियों के लिए यहां रहने की अच्छी व्यवस्था बना सकें। साथ ही हम अपने तीर्थ स्थलों को



भी विकसित कर रहे हैं ताकि हमारे यहां जो तीर्थयात्री आएं उन्हें भी अच्छी सुविधा मिल पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय वनवासियों के साथ बिताया। उनके साथ गहरी आत्मीयता का वृतांत हमें रामायण में मिलता है।

मुख्यमंत्री ने रायगढ़ के निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ मानव संस्कृति के सबसे आरंभिक गवाहों में से रहा है, यहां के शैल चित्र बताते हैं कि मानव जाति के सबसे आरंभिक सांस्कृतिक विकास के उदाहरण यहां भी मिलते हैं। इस संस्कारधानी नगरी ने कला के क्षेत्र में लोगों को संस्कारित करने के लिए बड़ा कार्य किया है। केलो के संरक्षण के लिए हम काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सीता राम चरित अति पावन, मधुर सरस अरु अति मनभावन। श्रीराम का आदर्श चरित्र हम सबको यहां सुनने को मिल रहा है निश्चय ही हम सब के लिए गौरव की बात है।

### सामूहिक हनुमान चालीसा का हुआ आयोजन

इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ। भक्ति गीतों के गायक श्री दिलीप षडंगी ने यह प्रस्तुति दी। उनके साथ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और हजारों दर्शक हनुमान जी की आराधना में लीन रहे। कार्यक्रम के आरंभ में विभिन्न राज्यों से और देशों से आए हुए दलों ने मार्च पास्ट किया। इंडोनेशिया और कंबोडिया से आए दलों ने अपने पारंपरिक परिधानों में लोगों का मन मोह लिया। रामनामी संप्रदाय के सदस्यों ने भी मार्च पास्ट किया। उत्तराखंड के दल की विशेषता यह रही कि इसमें अगुवाई रावण ने की। गोवा, कर्नाटक, उड़ीसा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में 12 राज्यों के 270 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 70 कलाकार और विदेशों से 27 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

# अमित जोगी का इमोशनल पत्र हो रहा वायरल

**» जेसीसीजे का कांग्रेस या भाजपा में हो सकता है विलय**

**रायपुर,01 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे। इसे देखते हुए सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। आज पद्मश्री अनुज शर्मा समेत सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। वहीं कांग्रेस ने भी भाजपा के दिग्गज नेता नंद कुमार साय को साध लिया है। इस बीच जेसीसीजे का अस्तित्व इन दिनों खतरे में नजर आ रहा है। ऐसी खबरे हैं कि जल्द ही भाजपा या कांग्रेस में जेसीसीजे का विलय हो सकता है। इस बात की जानकारी खुद जेसीसीजे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने पत्र लिखकर दी है।



अमित जोगी ने एक पत्र कार्यकर्ताओं के नाम लिखा है। इसमें वो इस सप्ताह अहम निर्णय लेने की बात कह रहे हैं और गुजारिश कर रहे हैं कि फैसले में कार्यकर्ता उनका साथ दें। ये चिट्ठी उन्होंने ने सोशल मीडिया के जरिए अपने लोगों को भेजी है।

अमित जोगी ने अपनी चिट्ठी में लिखा- पापा के रहते और पापा के जाने के बाद आप लोगों ने कठिन समय में जोगी परिवार का साथ नहीं छोड़ा। पार्टी और परिवार में बने रहे। साथ खाए, साथ हंसे, साथ रोएज् मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं आप लोगों का कैसे धन्यवाद करूं, शीश झुकाकर हाथ जोड़कर आप सभी का कोटि-कोटि आभार प्रकट करना चाहता हूं। अब चुनाव में बहुत कम समय बचा है मैंने, आपने, हम सभी ने कई बार पार्टी और हम सभी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कई बार चर्चा की।

जोगी ने आगे लिखा- इस पर विचार विमर्श हुआ है, गठबंधन, विलय के सारे विकल्पों पर हमने साथ काम किया है। बहुत साफ है अगर मेरा राजनीतिक भविष्य उज्जवल है तो आप लोगों का भी होगा। अगर मेरा नाम ऊंचा जाएगा तो जोगी परिवार और राजनीतिक विरासत आगे बढ़ेगी। जिसका फायदा आपको ही होगा। अब हम और रुक नहीं सकते यह निर्णय की घड़ी है। दोनों राष्ट्रीय दलों से टक्कर लेने हमें संसाधन, सामर्थ्य, चेहरा और रोल मॉडल की आवश्यकता होगी। एक ऐसी कड़ी जिसको स्वयं जोगी जी ने अपने रहते ही जोड़ा था और अब हम इस कड़ी से जुड़कर और मिलकर छत्तीसगढ़ में 2023 में अपनी सरकार बनाएंगे।

# शराब घोटाला मामले में आज विशेष अदालत में होगी सुनवाई

**रायपुर,01 जून 2023(ए)।** राज्य के चर्चित शराब घोटाले मामले में कल विशेष अदालत में फिर से सुनवाई होनी है। वहीं इस मामले में कारोबारी पप्पू ढिल्लन ने ईडी पर धमकाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में आवेदन दिया है। इस पर भी कल सुनवाई होनी है।






ईडी की कार्रवाई के दौरान पकड़े गए कारोबारी अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, पप्पू ढिल्लन और आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरूणपति त्रिपाठी वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध हैं। इन सभी को लेकर कल विशेष अदालत में सुनवाई होनी है। वहीं कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन द्वारा विशेष कोर्ट के नाम सौंपे गए आवेदन पर भी विचार होगा। ज्ञात हो कि श्री ढिल्लन ने अपने वकील के माध्यम से यह बात कही थी कि ईडी द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन पर ऐसे दस्तावेजों में दस्तखत कराया गया है जिन्हें उन्होंने पढ़ा तक नहीं है। उन्होंने कहा कि उन पर दबाव बनाकर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराया गया है। इसके अलावा उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का भी आरोप लगाया था। इन सभी प्रकरणों में 26 मई को सुनवाई होनी थी, लेकिन किसी कारण से अब इस मामले की सुनवाई कल 02 जून को होगी। अब देखने वाली बात यह है कि कोर्ट इस प्रकरण में क्या निर्देश देती है। वैसे अभी तक दोनों पक्षों ने जोरदार तरीके से अपना-अपना पक्ष रखा है।

# एक बार फिर बढ़ाई गई आईएएस आलोक शुक्ला की संविदा अवधि

**» इन विभागों की मिली जिम्मेदारी, जीएडी ने जारी किया आदेश**

**रायपुर,01 जून 2023 (ए)।**आईएएस डॉ आलोक शुक्ला की संविदा नियुक्ति 31 मई को समाप्त हो गयी थी। राज्य सरकार ने फिर से 1 साल के लिए आईएएस आलोक शुक्ला की संविदा नियुक्ति की अवधी में वृद्धि की है। जिसका आदेस सामान्य प्रशासन विभाग ने कर दिया है। जारी आदेश में कहा है कि 30.06.2020 द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्ति सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 को, उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष के लिए प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग के रिक्त पद पर पदस्थ किया गया है। डॉ. शुक्ला की उक्त संविदा नियुक्ति की अवधि दिनांक 31.05.2023 को समाप्त हो गयी थी।



राज्य शासन, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम-11(2) के तहत डॉ. शुक्ला की उक्त संविदा नियुक्ति को दिनांक 01.062023 से एक वर्ष के लिए नवीनीकरण करता है तथा उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, संसदीय कार्य विभाग (अति.प्र. कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, अध्यक्ष, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल तथा ग्रामीण औद्योगिक पार्क, सी-मार्ट एवं गोधन न्याय मिशन का समन्वयक) के पद पर पदस्थ करता है।





प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)